20 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 209


संभल जामा मस्जिद सर्वे को हाइकोर्ट ने सही ठहराया




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, रॉंची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


## सेना ने किया खुलासा : दिखाये सबूत और डेमो

# पाकिस्तान ने स्वर्ण मंदिर पर भी दागे थे ड्रोन और मिसाइल

- आकाश मिसाइल प्रणाली बनी ढाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**अमृतसर।** पाकिस्तान ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को भी निशाना बनाने के लिए मिसाइलें और ड्रोन दागे थे। इसे भारतीय रक्षा प्रणालियों ने ध्वस्त कर दिया था। इसे लेकर सेना ने एक डेमो भी जारी किया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गये ड्रोन और मिसाइलों को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि हमने जमीन से आसमान की रक्षा की। सेना ने पंजाब में मार गिराये गये पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल के मलबे भी दिखाये।

**हमले की खुफिया जानकारी मिली थी:** 15 इन्फैंट्री डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने कहा कि 7 मई की रात को हमें पुख्ता जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान किसी उचित और सटीक टार्गेट न होने के कारण सिविल ठिकानों, खासतौर पर धार्मिक स्थलों को निशाना बनायेगा। इसमें अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सबसे अहम था। हमें अतिरिक्त जानकारी यह भी मिली कि वे (पाकिस्तान) स्वर्ण मंदिर पर भारी तादाद में ड्रोन और मिसाइल से हमला करेंगे, इसलिए हमने तुरंत आधुनिक अतिरिक्त एवं उपयुक्त एयर डिफेंस उपलब्ध कराया था। हमने स्वर्ण मंदिर पर एक आंच भी नहीं आने दी। भारतीय सेना ने सोमवार को एक डेमो दिखाया। इसमें बताया गया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली सहित भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया। उन्होंने डोमो दिखाते हुए बताया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली, एल-70 एयर डिफेंस गन सहित भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया।



पंजाब में मार गिराये गये पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा दिखाते सेना के जवान।

### ऑपरेशन सिंदूर अभी बाकी है, केवल रोका गया: मेजर जनरल शेषाद्रि

अमृतसर (आजाद सिपाही)। 15 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने सोमवार को पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने पड़ोसी देश से किसी भी तरह के दुस्साहस से बचने का आग्रह किया और अगर उनकी ओर से कोई दुस्साहस हुआ तो जवाब कड़ा होगा। उन्होंने कहा कि याद रहे ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित किया गया है, यह खत्म नहीं हुआ। उसका विकराल रूप अभी बाकी है। अगर हालात बिगड़े तो भारत पाकिस्तान को कड़ा और माकूल जवाब देगा। भारत की सैन्य क्षमताएं सैन्य उद्देश्यों को प्राप्त करने में सक्षम हैं। मेजर जनरल शेषाद्री ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल पाकिस्तानी सेना की कमियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। अगर पाकिस्तानी सेना कोई दुस्साहस करने की कोशिश करती है, तो वह अपने आप को पूरी तरह से खतरे में डाल देगी। आधुनिक हथियारों और बेहतर लड़ाकू क्षमताओं के साथ हम अगली बार उसे विनाशकारी जवाब देंगे। अगर जरूरत पड़ी तो दुश्मनों का खात्मा सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणालियों ने पाकिस्तान के दुस्साहस को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### मिसाइलें सीधे स्वर्ण मंदिर पर दागी गयीं

भारतीय रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता पर एक अन्य सैनिक ने कहा कि जमीन आधारित वायु रक्षा हथियारों और सेना के वायु रक्षा हथियारों के गोला-बारूद का केवल 10% ही इस्तेमाल किया गया। हमने आइएचए-3 और सोंगार जैसे कामिकेज ड्रोन और माइक्रो-ड्रोन बरामद किये हैं, जो संभवतः तुर्की मूल के हैं। हमारी वायु रक्षा दीवार को भेदना बहुत मुश्किल है। आंपरेशन सिंदूर के दौरान यह अनुमान लगाया गया था कि पाकिस्तान हमारे मुख्य हवाई ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनायेगा। आश्चर्य की बात यह रही कि कुछ कामिकेज ड्रोन, सतह से सतह और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें सीधे स्वर्ण मंदिर पर दागी गयीं। सभी हवाई हमलों को रोक दिया गया और बड़ी सटीकता के साथ मार गिराया गया।

# मुख्यमंत्री से अजय नाथ शाहदेव और उनकी टीम ने की मुलाकात



- हेमंत सोरेन ने दी बधाई, क्रिकेट को नयी ऊंचाई देने पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) की नवनिर्वाचित टीम ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य मिहिर प्रितेश टोप्पो, रमेश कुमार, संजय जैन, रत्नेश कुमार सिंह और जिला प्रतिनिधि श्रीराम पुरी व उत्तम कुमार शामिल रहे। टीम ने मुख्यमंत्री को हाल में संपन्न जेएससीए चुनाव से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि नयी कमेटी अपनी ऊर्जा और क्षमता के साथ राज्य में क्रिकेट को नयी दिशा देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, और जेएससीए की नयी टीम के नेतृत्व में इन प्रतिभाओं को तराशने का काम और प्रभावी तरीके से होगा। उन्होंने खिलाड़ियों के विकास और क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस मुलाकात को क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, जहां प्रशासन और क्रिकेट संस्था मिलकर राज्य में खेल संस्कृति को और समृद्ध करने की दिशा में आगे बढ़ने को तत्पर हैं।

## न्यूज रील्स

### विदेश सचिव ने संसदीय समिति को ब्रीफिंग की

नयी दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर संसदीय समिति को ब्रीफ किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयरस्ट्राइक और 10 मई को हुए भारत-पाकिस्तान सीजफायर सहमति की पूरी जानकारी दी। बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भाजपा की अपराजिता सारंगी व अरुण गोविल आदि मौजूद रहे।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 42 जिंदा बम नष्ट

जम्मू-कश्मीर। आर्मी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 42 जिंदा बम नष्ट किये। ये सभी सीमा पार से हुई फायरिंग के दौरान भारतीय सीमा में गिरे थे। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि ये शेल्स बॉर्डर से सटे इलाकों झुल्लास, सलोत्री, धाराती और सालानी इलाकों से मिले थे।

# यूट्यूबर ज्योति एनआइए हिरासत में, टेरर कनेक्शन में पूछताछ होगी

- आतंकी हमले से पहले पहलगाम, पाकिस्तान गयी थी, जासूसी करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को एनआइए ने हिरासत में ले लिया है। एनआइए की टीम सोमवार को ज्योति से पूछताछ करने हिसार पहुंची थी। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर चंडीगढ़ ले गयी। अब ज्योति से टेरर लिंक को लेकर पूछताछ की जायेगी। इसके साथ जम्मू इंटेलिजेंस भी यूट्यूबर से पूछताछ करेगी। इससे पहले रविवार 18 मई की रात को भी हिसार पुलिस ज्योति के घर पहुंची थी। वहां छानबीन कर कुछ दस्तावेज जब्त किये गये हैं।



### दो बार कश्मीर गयी, वीडियो में बॉर्डर फेंसिंग दिखायी

ज्योति पहली बार साल 2024 और फिर इसी साल 5 जनवरी 2025 को दो बार कश्मीर गयी थी। उसने अपने वीडियो में पंजाब और राजस्थान के बॉर्डर भी दिखाये। इनमें अटारी-बाघा और राजस्थान के थार शामिल हैं। उसने यूट्यूब पर जो वीडियो शेयर किये थे, उनमें भारत-पाकिस्तान की सीमा पर लगी फेंसिंग तक दिखायी दी थी। हिसार पुलिस की जांच में यह भी पता चला है कि ज्योति पहलगाम हमले से पहले कश्मीर गयी थी। वह पहलगाम, गुलमर्ग, डल लेक, लद्दाख की पैंगॉन्ग लेक तक गयी थी। पैंगॉन्ग चीन से लगी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) से सटा हुआ है। उसने अपने यूट्यूब चैनल पर इन जगहों के वीडियो शेयर किये हैं। वह मार्च में पाकिस्तान गयी। जांच एजेंसियों को शक है कि वह कश्मीर और बॉर्डर स्टेट में यात्रा के लिए गयी थी या फिर संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों तक पहुंचा रही थी।

**पर्यटकों-सरकार को कोसती रही :** जब 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमला हुआ तो ज्योति मल्होत्रा ने कहा था कि पहलगाम घटना के लिए भारत सरकार और सुरक्षा एजेंसियां जिम्मेदार हैं। इसमें सिर्फ सरकार की ही नहीं, बल्कि हर उस नागरिक की भी जिम्मेदारी है, जो घूमने जाता है। उसे सतर्क रहना चाहिए।

# कांके में दिनदहाड़े घर में घुस कर युवक की हत्या



- अपराधियों ने मारे चाकू, रिम्स में इलाज के दौरान हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके डैम इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गयी, जब मुंडन कार्यक्रम के दौरान कुछ अज्ञात अपराधी एक घर में घुस गये और रमेश उरांव (35) नामक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कांके रोड को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया।

### लोगों को समझाने में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही कांके और गोंदा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को शांत करने की कोशिश की, लेकिन लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने कांके रोड पर सड़क जाम कर दी। ग्रामीणों की मांग थी कि हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी हो और मृतक के परिवार को मुआवजा मिले। बाद में पुलिस ने जाम हटा दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी को लेकर शक जताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक कांके डैम क्षेत्र स्थित एक घर में मुंडन का कार्यक्रम चल रहा था। उसी दौरान कुछ लोग अचानक घर में घुस गये और रमेश उरांव पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल रमेश को रिम्स अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि रमेश जमीन का कारोबार करता था।

# भारत धर्मशाला नहीं है, जो सबको शरण दे : सुप्रीम कोर्ट

- श्रीलंकाई नागरिक की याचिका खारिज
- भारत छोड़ने के आदेश को दी थी चुनौती

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई शरणार्थी से जुड़े एक मामले में सोमवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। दुनियाभर से आये शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आये शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह टिप्पणी श्रीलंकाई तमिल नागरिक की शरण याचिका खारिज करते हुए की। दरअसल, मद्रास हाइकोर्ट ने श्रीलंकाई नागरिक को यूएपीए मामले में सात साल की सजा पूरी होते ही तुरंत भारत छोड़ देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से आर सुधाकरन, एस प्रभु रामसुब्रमण्यम और वैरावन एएस ने कोर्ट में दलील दी।

बताते चलें कि यह केस एक श्रीलंकाई तमिल नागरिक का है, जिसे 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीइ) से जुड़े होने के शक में तमिलनाडु पुलिस की द ब्रांच ने दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था। एलटीटीइ पहले श्रीलंका में सक्रिय एक आतंकी संगठन था। 2018 में एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दस साल की सजा सुनायी थी। 2022 में मद्रास हाइकोर्ट ने सजा को सात साल कर दिया और कहा कि सजा पूरी होने के बाद उसे देश छोड़ना होगा।

# मुरादाबाद और नूह से पाकिस्तान के लिए जासूसी करनेवाले दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरादाबाद/नूह।** उत्तर प्रदेश के मुदाबाद और हरियाणा के नूह से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये पाकिस्तान के लिए जासूसी करते थे। भारत की खुफिया जानकारी मुहैया कराते थे। उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में शहजाद नाम के युवक को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। शहजाद तस्करी की आड़ में वह आइएसआइ के लिए जासूसी गतिविधियां चला रहा था। जांच में पता चला कि शहजाद के आइएसआइ के एजेंटों से गहरे संबंध थे और वह भारत की गोपनीय सुरक्षा जानकारी उन तक पहुंचाता था। उधर, हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह जिले के गांव कांगरका से तारीफ पुत्र हनीफ को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दो दिन पहले राजाका गांव से अरमान की जासूसी के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद हुई है। तारीफ पर आरोप है कि वह भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात दो कर्मचारियों को उपलब्ध करा रहा था।

### आइएसआइएस से जुड़े दो आंतकी गिरफ्तार

हैदराबाद। हैदराबाद में आतंकी संगठन आइएसआइएस से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किये गये हैं। रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और बम ब्लास्ट होने से बचा लिया। संदिग्ध आतंकियों की पहचान सिराज उर रहमान (29) और सैयद समीर (28) के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि इन दोनों को सऊदी अरब में एक्टिव आइएसआइ मॉड्यूल से निर्देश मिल रहे थे, जो हैदराबाद में हमला करवाना चाहता था। पुलिस को इनके पास से अमोनिया, सल्फर और एल्युमिनियम पाउडर जैसे विस्फोटक सामान मिले हैं।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE I CSE (AI) I CE I EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE I EEE I CE ME I EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# पाकिस्तान-चीन-बांग्लादेश मिल कर बना रहे आतंक की नयी फैक्ट्री

## ■ भारत को सतर्क रहने की जरूरत, धार्मिक कट्टरपंथ को बढ़ावा देने की रच रहे साजिश

## ■ भारत को अब अपनी पूर्वोत्तर सीमा पर बांग्लादेश से भी सतर्क रहना जरूरी

## ■ उधर तुर्किए और अजरबैजान पर भी दृष्टि रखने की जरूरत, तोड़नी होगी रीढ़

**आतंक के खिलाफ भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद दक्षिण एशिया का कूटनीतिक परिदृश्य बदल गया है। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सामने आयी, तो इसके बाद अब भारत के ये दोनों दुश्मन देश बांग्लादेश की मदद से धार्मिक कट्टरवाद को बढ़ावा देकर भारत के लिए परेशानी पैदा करने की कोशिश में जुट गये हैं। आतंक का यह त्रिकोण भारत के लिए नया टेंशन पैदा कर रहा है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से अचानक बांग्लादेश का रुख बदलता हुआ नजर आ रहा है और कूटनीति के जानकार बताते हैं कि मोहम्मद युनूस इन दिनों पाकिस्तान और चीन के साथ नजदीकी बढ़ाने में जुटे हुए हैं। यह सभी जानते हैं कि शेख हसीना के बांग्लादेश की सत्ता से हटने के बाद से ही बांग्लादेश-भारत के संबंध बहुत सहज नहीं रहे हैं। रणनीतिक रूप से बांग्लादेश का महत्व इसलिए अधिक है, क्योंकि भारत के उत्तर-पूर्व के सात राज्यों के अलावा भारत के पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। बांग्लादेश उस क्षेत्र में समुद्र का एकमात्र अभिभावक है। इसलिए पाकिस्तान-चीन-बांग्लादेश की यह नजदीकी कई लिहाज से भारत के लिए चिंताजनक है। बांग्लादेश का बदलता रवैया भारत के लिए खतरे की घंटी की तरह है। इसके अलावा भी अतीत की कड़वाहट को परे कर पाकिस्तान और बांग्लादेश भी लगातार नजदीक आ रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर पहले कई बार कह चुके हैं कि भारत, बांग्लादेश के साथ सहयोगात्मक रिश्ते चाहता है, लेकिन उसे अपना दोहरा रवैया छोड़ना होगा। इसके बावजूद भारतीय कूटनीति को भारत के इर्द-गिर्द बनते एक त्रिकोण को कोई शक्ल लेने से पहले ही रोकना होगा। क्या है आतंक का यह नया त्रिकोण और कैसे भारत के लिए यह नया टेंशन है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और वैश्विक कूटनीति में भारत के दबदबे के बावजूद भारत की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान-चीन गठजोड़ को धूल चटाने के बाद भारत के लिए एक नया टेंशन पैदा होने लगा है और यह है धार्मिक कट्टरपंथ और आतंक का त्रिकोण, जिसमें पाकिस्तान और चीन के साथ बांग्लादेश शामिल हो गया है।

भारत ने 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में अहम भूमिका निभायी थी। उस समय बांग्लादेश के मुक्ति योद्धाओं ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में शरण ली और वहीं से पाकिस्तान के खिलाफ अपना स्वतंत्रता संग्राम लड़ा। स्वाभाविक रूप से बांग्लादेश के लोगों को पूर्वोत्तर भारत के लोगों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिन्होंने कठिन समय में उनकी मदद की। लेकिन समय के साथ स्थिति उलटी होती चली गयी और आज पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से उत्पन्न कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

हाल ही में बांग्लादेश के एक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी मेजर जनरल एएलएम फजलुर रहमान ने विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया, तो बांग्लादेश को भारत के सभी पूर्वोत्तर राज्यों पर कब्जा कर लेना चाहिए। यह बयान तब आया, जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 हिंदुओं की मौत हो गयी और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। फजलुर रहमान पूर्व में बांग्लादेश राइफल्स (अब बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) के प्रमुख रह चुके हैं और दिसंबर, 2024 में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा 2009 के बांग्लादेश राइफल्स विद्रोह की जांच के लिए गठित राष्ट्रीय स्वतंत्र आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किये गये। उनके इस बयान पर बांग्लादेश सरकार ने सफाई देते हुए कहा कि ये उनके निजी विचार हैं और सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा कि बांग्लादेश संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, आपसी सम्मान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांतों का पालन करता है।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब बांग्लादेश की ओर से पूर्वोत्तर भारत को लेकर असंवेदनशील और विस्तारवादी संकेत मिले हों। बांग्लादेश का




जनसंख्या घनत्व दुनिया में सबसे अधिक है और संसाधन सीमित हैं। ऐसे में अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि बांग्लादेश अवैध प्रवास को अपनी अनाधिकारिक नीति की तरह इस्तेमाल कर भारत के पूर्वोत्तर में जनसांख्यिकीय बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। वर्ष 1947 के विभाजन के बाद और फिर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लाखों हिंदू शरणार्थी भारत आये। समय के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रवासी भी अवैध रूप से भारत में घुसे, जो आर्थिक कारणों से भारत आ रहे थे। बांग्लादेश ने कभी इस अवैध घुसपैठ को स्वीकार नहीं किया, बल्कि जब भी भारत सीमा पर बाड़बंदी करता है या सुरक्षा कड़ी करता है, तो बांग्लादेश हमेशा विरोध करता है।

इतिहास गवाह है कि बांग्लादेश की कुछ सरकारों ने भारत विरोधी तत्वों और पूर्वोत्तर भारत के उग्रवादियों को समर्थन दिया है। सैन्य शासन और बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के दौर में यह नीति ज्यादा स्पष्ट थी। खालिदा जिया ने तो पूर्वोत्तर भारत के उग्रवादियों को स्वतंत्रता सेनानी तक कह दिया था। परंतु 2009 में शेख हसीना के सत्ता में आने के बाद इस नीति में बदलाव आया और उन्होंने भारत के साथ मिलकर उग्रवाद को कुचलने का कार्य किया, जिससे पूर्वोत्तर भारत में शांति बहाल हुई।

भारत के साथ शेख हसीना की सहयोगी नीति और आतंकी तत्वों के खिलाफ कठोर रवैये को बांग्लादेश के कट्टरपंथी और भारत विरोधी ताकतों ने कभी स्वीकार नहीं किया। लेकिन जब पांच अगस्त, 2024 को शेख हसीना की सरकार को सत्ता से हटाया गया और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार बनी, तो इन तत्वों ने फिर से सिर उठाना शुरू कर दिया। फजलुर रहमान का बयान इस बात का संकेत है कि कट्टरपंथी अब दोबारा सक्रिय हो रहे हैं और भारत विरोधी रणनीतियों को पुनर्जीवित कर रहे हैं। उन्होंने न सिर्फ भारत के खिलाफ युद्ध की बात की, बल्कि चीन के साथ सैन्य गठबंधन की भी वकालत की। उन्होंने यह भी कहा कि चीन को अरुणाचल प्रदेश पर दावा करना चाहिए। उन्होंने बांग्लादेश को समुद्र का रक्षक बताते हुए भारत के उत्तर-पूर्व को घेरे में लेने की बात की।

मोहम्मद यूनुस भी पूर्वोत्तर भारत को लैंडलॉक्ड कहकर उसे बांग्लादेश पर निर्भर बताने की कोशिश कर चुके हैं। यह एक तरह से रणनीतिक दबाव बनाने की कोशिश है। इसी तरह यूनुस सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरूल ने पहलगाम हमले पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसे बाद में हटा दिया गया। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हारून इजहार से भी मिले थे, जिससे बांग्लादेश की आतंकी नीति पर चिंता बढ़ गयी है।

भारत ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिम्सटेक सम्मेलन में मोहम्मद यूनुस को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी स्पष्ट कहा कि सहयोग का मतलब अपनी सुविधा के अनुसार चुनना नहीं होता। ऐसे में भारत ने अपने सुरक्षा बलों को बांग्लादेश और म्यांमार की सीमाओं पर सतर्क रहने का निर्देश दिया है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ अब बांग्लादेश के इस्लामी कट्टरपंथियों का इस्तेमाल कर भारत के खिलाफ षडयंत्र रच सकती है। इससे यह भी साफ है कि चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के कट्टरपंथी अब एक नये रणनीतिक त्रिकोण की रचना कर रहे हैं, जो भारत के खिलाफ काम कर सकता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के इस नये समीकरण के पीछे चीन की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता, जो अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताता रहा है और दक्षिण एशिया में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है। इन सबके बीच भारत ने बांग्लादेश में चल रही रेल परियोजनाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह कदम वहां की राजनीतिक अस्थिरता और भारत विरोधी भावनाओं को देखते हुए उठाया गया है।

मौजूदा स्थिति में भारत के लिए आवश्यक है कि वह पूर्वोत्तर की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे और बांग्लादेश में उभरते हुए राजनीतिक घटनाक्रमों पर गहन निगरानी बनाये रखें। एक अस्थिर और भारत विरोधी बांग्लादेश दक्षिण एशिया की शांति और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों के लिए खतरा बन सकता है। इतना ही नहीं, बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया और पाकिस्तान-चीन के साथ उसकी बढ़ती नजदीकी भी भारत के लिए नयी समस्या पैदा कर सकती है। भारत को तुर्किये और अजरबैजान पर भी निगाह रखने की जरूरत है। सबसे पहले तो उसकी कमर तोड़ने की आवश्यकता है। पर्यटन बिलकुल बंद होना चाहिए। इन देशों को भी पूर्ण रूप से बॉयकॉट करना ही एकमात्र रास्ता है।

# संभल जामा मस्जिद सर्वे को हाइकोर्ट ने सही ठहराया

**सर्वे रोकने की मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज**

**कहा-हिंदू पक्ष का केस सुनने योग्य है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**प्रयागराज/संभल।** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने यूपी के संभल की जामा मस्जिद के सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की उस सिविल रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सर्वे पर रोक की मांग की गयी थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने सोमवार को यह आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा- अब तक इस मामले में जो भी कार्रवाई हुई, वह सही है। हम कोर्ट कमिश्नर सर्वे में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल केस सुनने योग्य हैं। कोर्ट कमीशन सर्वे और दाखिल वाद पहले की तरह जारी रहेगा। यानी, जामा मस्जिद है या मंदिर इसका मुकदमा भी संभल की लोअर कोर्ट (दीवानी अदालत) में चलता रहेगा।

दरअसल, हिंदू पक्ष की याचिका पर संभल कोर्ट ने 19 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद के एडवोकेट कमिश्नर सर्वे का आदेश दिया। उसी शाम टीम सर्वे के लिए पहुंच गयी थी। रात होने के कारण सर्वे पूरा नहीं हो पाया था। 5 दिन बाद यानी 24 नवंबर को दोबारा सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर और अरक टीम पहुंची थी। इस दौरान हिंसा भड़क गयी। इसमें 4 लोगों की मौत हो गयी थी।

### अब आगे क्या होगा?

मस्जिद कमेटी हाइकोर्ट से रिवीजन याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट जा सकता है। हाइकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर सकता है, ताकि सर्वे को रुकवाया जा सके। हिंदू पक्ष की कोशिश होगी कि सर्वे जल्दी शुरू हो। पूजा के अधिकार के लिए कोर्ट में पक्ष पेश करेगा। कोशिश होगी कि जल्द से जल्द लोअर कोर्ट से फैसला आये।

### हिंदू पक्ष का दावा- संभल मस्जिद नहीं, हरिहर मंदिर है

संभल की जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि ये पहले हरिहर मंदिर था, जिसे बाबर ने 1529 में तुड़वाकर मस्जिद बनवा दिया। इसे लेकर 19 नवंबर, 2024 को संभल कोर्ट में याचिका दायर हुई। यह याचिका संभल में स्थित कैलादेवी मंदिर के महंत ऋषि राज गिरि महाराज ने लगायी। उसी दिन यानी 19 नवंबर को सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह ने मस्जिद के अंदर सर्वे करने का आदेश दिया। कोर्ट ने रमेश सिंह राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया। उसी दिन शाम 4 बजे सर्वे के लिए टीम मस्जिद पहुंच गयी। 2 घंटे सर्वे किया। हालांकि, उस दिन सर्वे पूरा नहीं हुआ। इसके बाद 24 नवंबर को सर्वे की टीम जामा मस्जिद पहुंची। मस्जिद के अंदर सर्वे हो रहा था। इसी दौरान भारी संख्या में लोग जुट गये। भीड़ ने पुलिस की टीम पर पत्थर फेंके। इसके बाद हिंसा भड़क गयी। इसमें गोली लगने से 4 लोगों की मौत हो गयी।

# यूट्यूबर मनीष कश्यप को जूनियर डॉक्टरों ने पीटा

**महिला डॉक्टरों से कहासुनी के बाद पिटाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** चर्चित यूट्यूबर और बीजेपी नेता मनीष कश्यप की सोमवार को पीएमसीएच के जूनियर डॉक्टरों ने पिटाई कर दी। ये घटना तब हुई जब मनीष कश्यप किसी मरीज की पैरवी करने अस्पताल पहुंचे थे। वहां उनकी महिला डॉक्टरों से बहस हो गयी।

डॉक्टरों का आरोप है कि मनीष कश्यप ने उनसे अभद्र भाषा में बात की, जिसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने उन्हें पीटा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और मनीष कश्यप को बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीएमसीएच के एक डॉक्टर ने बताया कि मनीष कश्यप एक मरीज के लिए सिफारिश करने आये थे। उसी दौरान उनकी महिला डॉक्टरों से कहासुनी हो गयी। आरोप है कि मनीष कश्यप ने महिला डॉक्टर से गलत तरीके से बात की। इससे गुस्साए जूनियर डॉक्टरों ने मनीष कश्यप को पीटना शुरू कर दिया। काफी देर तक पीएमसीएच में हंगामा होता रहा। डॉक्टरों ने मनीष कश्यप को घेर लिया और उनकी पिटाई कर दी। पीरबहोर के थानाध्यक्ष ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच कैंपस में मारपीट हुई है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, यूट्यूबर और डॉक्टरों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गयी। इस दौरान मनीष कश्यप को काफी पीटा गया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि झगड़े की असली वजह क्या थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मारपीट के दौरान पीएमसीएच परिसर में मौजूद मरीज और उनके परिवार वाले डर गये थे। कुछ लोगों ने बताया कि यूट्यूबर शायद कैंपस में वीडियो बना रहे थे। कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जतायी, जिसके बाद बात बिगड़ गयी।

# पाकिस्तान की माहिद बेगम को चाहिए भारत की नागरिकता

## धनबाद में की है शादी, अब दे रही है आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गैरकानूनी ढंग से कई वर्षों से धनबाद में रह रही है**

**रांची।** पाकिस्तान की रहने वाली माहिद बेगम को भारत की नागरिकता चाहिए। माहिद गैरकानूनी ढंग से पिछले कई वर्षों से झारखंड के धनबाद में रह रही है।

भारत और पाकिस्तान के रिश्ते जब खराब हुए तो इसे लगा कि कहीं उसे भी वापस पाकिस्तान ना भेज दिया जाये। लिहाजा उसने धनबाद जिला प्रशासन को एक आवेदन दिया और नागरिकता दिलाने की अग्रत्तर कार्रवाई का अनुरोध की।

पाकिस्तानी महिला की फाइल झारखंड के गृह विभाग को भेज दी गयी है। अधिकारी परेशान हैं कि आखिर इसमें क्या किया जाये। उसने लिखा है कि उसकी शादी धनबाद के रहने वाले मोहम्मद सिद्दिकी अंसारी से हुई है। लिहाजा उसे नागरिकता मिलनी चाहिए। फिलहाल उसकी फाइल को वापस धनबाद भेजा जा रहा है और स्पष्ट आवेदन करने का निर्देश दिया गया है।

# बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले हैवान अब्बा को अंतिम सांस तक के लिए आजीवन सश्रम कारावास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो के न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत ने सोमवार को एक पिता के द्वारा अपनी नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म करने वाले गढ़वा थाना अंतर्गत संग्रह खुर्द निवासी शेख इम्तियाज को अंतिम सांस तक के लिए आजीवन सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये आर्थिक जुर्माना की सजा सुनायी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने बताया कि गढ़वा थाना क्षेत्र स्थित संग्रह खुर्द निवासी पीड़िता के दादा शेख एनुल्लाह के द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर गढ़वा थाना कांड संख्या 197/2023 दिनांक 15 मई 2023को प्राथमिक की दर्ज की गयी थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि पीड़िता अपने घर में मायूस रहा करती थी। इस दौरान उसने दादी को बतलाया कि ईद से पहले रोजा के समय पीड़िता के पिता के द्वारा दुष्कर्म किया जाता था। डरा धमका कर बोलते हैं कि यह बात किसी को बतायेगी तो तेरी जीभ काट देंगे और डेम में फेंक देंगे। इस आशय की जानकारी पर प्राथमिक की दर्ज कर 20 मई 2023 को गढ़वा थाना के द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके विरुद्ध भादवि की धारा 376 ए बी 5 एम एवं 6 पोक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र समर्पित किया। न्यायालय द्वारा विभिन्न धाराओं में संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध आरोप गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियोजन पक्ष को साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु तिथि निर्धारित की गयी। लोक अभियोजक उमेश दीक्षित के द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत कराया गया। दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वाराअभियुक्त को दोषी करार दिया गया। सजा के बिंदु पर सुनवाई कर अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास एवं एक लाख आर्थिक जुर्माना की सजा सुनाते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.3 °c | 21.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.06 बजे |



# सीएम हेमंत सोरेन ने दी कपूर कुमार टुडू को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ झारखंड आंदोलनकारी और सामाजिक कार्यकर्ता दिवंगत कपूर कुमार टुडू के पैतृक आवास पहुंचे।

चिलगू-चाकुलिया स्थित घर में उन्होंने कपूर टुडू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। गौरतलब है कि कपूर कुमार टुडू मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई थे। उनका निधन 6 मई 2025 को हुआ था। वे अपने पीछे मां, पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गये हैं।





# भाजपा छोड़ कई महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

**केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलायी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की कार्यसमिति सदस्य अंकिता वर्मा के नेतृत्व में रांची की सैकड़ों महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ली। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलायी और पार्टी में स्वागत किया।

उन्होंने पार्टी में शामिल होने वाली महिलाओं को झामुमो के नीति सिद्धांतों से अवगत कराया गया और संगठन को मजबूत करते हुए राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रानी देवी, सरिता देवी, मधु देवी, सुधा देवी, अनीता देवी, बबीता देवी, लक्ष्मी देवी, आरती देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, सरस्वती देवी, धंसरी देवी, मीना देवी, बिजली देवी, सीता देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, प्रीति देवी, पूजा देवी, ननकी देवी, किरण देवी, पिंकी देवी, सुमन देवी, गीता देवी, विक्की वर्मा एवं अन्य महिलाएं शामिल हुईं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम, केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया एवं प्रदीप मिर्धा और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# झारखंड में मतदाता सूची के विरुद्ध एक भी अपील दायर नहीं : मुख्य चुनाव आयुक्त

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने नयी दिल्ली में दो-दिवसीय क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि झारखंड भ्रमण के दौरान दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों से मिलने का मौका प्राप्त हुआ। उनकी निर्वाचन से संबंधित अपने विषयों की जानकारी अत्यंत ही प्रभावशाली है। उन्होंने झारखंड में निर्वाचन से संबंधित सभी स्टेकहोल्डर्स के कार्यों की सराहना की। साथ ही कहा कि विगत के मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रमों के उपरांत झारखंड में बने मतदाता सूची के विरुद्ध एक भी अपील दायर नहीं हुई है। यह एक सराहनीय उपलब्धि है, लेकिन हमें इस ओर भी सभी मतदाताओं को शिक्षित करना है।



यदि मतदाता सूची से वह किसी प्रकार से असहमत हैं, तो वह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील कर सकते हैं और उनके निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर भी अपील की जा सकती है। हमें सभी लोगों को शिक्षित करते हुए मतदाता सूची को शत प्रतिशत संतुष्टि के साथ निर्मित करना है, जिससे इसकी चमक हीरे की तरह बनी रहे।

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग निर्वाचन के समय डेपुटेशन पर अन्य लोगों को समाहित करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी संस्था बन जाता है और 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर एक जैसी प्रक्रिया में मतदान संपन्न होता है। मतदान के साथ-साथ मतदाता सूची को बनाने के लिए सभी 10.5 लाख बीएलओ और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट साथ में सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करते हैं।

### प्रशिक्षण के उद्देश्य का भी किया जिक्र

प्रशिक्षण का एक उद्देश्य यह भी है कि मतदाताओं के बीच मतदान प्रक्रिया एवं इवीएम के प्रति किसी प्रकार की गलत धारणा को दूर किया जा सके। इवीएम एवं विविपैट का मिलान 5 करोड़ बार से भी अधिक किया गया है। लेकिन आज तक एक भी गलती नहीं मिली है। यह पूरी तरह से सुरक्षित एवं वही परिणाम देता है, जो मतदाता चाहते हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सोमवार को नयी दिल्ली स्थित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आइआइआइडीइएम) में झारखंड के बूथ लेवल अधिकारियों, बीएलओ पर्यवेक्षकों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और बूथ जागरूकता समूह/बूथ स्तरीय स्वयंसेवकों के लिए आयोजित दो-दिवसीय क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## झारखंड सरकार ने तीन जिलों में की काजी की नियुक्ति

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने राज्य के तीन जिलों में काजी की नियुक्ति की है, जो मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच विवाह और प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत होंगे। इस संबंध में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी की है। जारी आदेश में इन काजियों को विवाह निबंधक घोषित किया गया है, जो मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच विवाह और प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जिम्मेदार होंगे। नियुक्त काजी के नाम : रांची जिला : मौलाना नसीरउद्दीन और मौलाना अनसारूल्लाह। झुमरीतिलैया: मोहम्मद नसीम। हजारीबाग: कैफी अहमद।

# सिर्फ घुसपैठिए नहीं, कांग्रेस विधायक भी बनवा रहे फर्जी दस्तावेज : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठिए ही नहीं, बल्कि आइएएस अधिकारी और कांग्रेस के विधायक भी अपना फजी दस्तावेज बनवा रहे हैं। कांग्रेस की एक विधायक दो पैन कार्ड और चार वोटर आइडी के साथ लोकतंत्र का मजाक बना रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग को धोखा देना, गलत हलफनामे देना और जनता से तथ्यों को छिपाना–क्या यही है कांग्रेस का जनप्रतिनिधित्व। बाबूलाल ने आगे लिखा है कि झारखंड में यह पहली बार नहीं हो रहा है। पहले केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेज बन रहे थे, अब इसमें विधायकों के नाम भी सामने आ रहे हैं। भाजपा नेता ने इसे गंभीर स्थिति बताते हुए कहा कि बहती गंगा में हाथ धोने वालों की कतार काफी लंबी है। जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में छेड़छाड़ से सरकारी योजनाओं, नौकरी में आरक्षण और मतदाता सूची जैसी संवेदनशील व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं, जो राज्य की सामाजिक, सामरिक और सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर है। बाबूलाल ने मांग की कि राज्य सरकार फर्जी प्रमाण पत्र बनाने और बनवाने वाले लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों पर रोक लगायी जा सके।



# आतंकवाद पर पाकिस्तान की नीति होगी बेनकाब : निशिकांत

**ओवैसी के साथ मिलकर बतायेंगे भारत के लोकतंत्र का खूबसूरत चेहरा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर से बौखलायी पाकिस्तानी सेना की हिमाकत का क्या हश्र हुआ, इसको पूरी दुनिया ने देखा। लेकिन भारतीय सेना से करारी शिकस्त मिलने के बाद भी पाकिस्तान झूठ का एजेंडा चलाता रहा। अब उसके झूठ की पोल खोलने की जिम्मेदारी सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल को दी गयी है, जो अमेरीका, रूस, यूरोप, अफ्रीका, साउथ अफ्रीका समेत मुस्लिम देशों में जाकर बतायेंगे कि आतंकवाद के साथ पाकिस्तान का क्या कनेक्शन है।

बैजयंत पांडा के नेतृत्व में बने आठ सदस्यीय प्रतिनिमंडल में शामिल झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज्यादा खुशी जतायी है कि उनकी टीम में एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी हैं।



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लिखा है कि आपने मुझे ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया के सामने पाकिस्तान की कारगुजारियों और भारत के आतंकवाद के खिलाफ 78 साल से हमारे संघर्ष को मुस्लिम देशों को बताने के लिए चुना। लोकतंत्र का सबसे खूबसूरत चेहरा मैं और ओवैसी साहब एक साथ भारत के लोकतंत्र और मुसलमानों के भारत में मिले सम्मान, स्वाभिमान व समानता को बतायेंगे।

### दुनिया का तीसरा मुस्लिम बहुल देश है भारत

सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर जारी अपने दूसरे पोस्ट में लिखा है कि इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बाद हम दुनिया के तीसरे मुस्लिम बाहुल्य देश हैं। जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद से मुस्लिम भी उतने ही प्रभावित हैं जितने हिंदू। सऊदी अरब में ओआइसी यानि मुस्लिम देशों के संगठन का कार्यालय है। हम अपने मिशन में कामयाब होंगे। पाकिस्तान का क्रूर चेहरा दुनिया के सामने होगा। आतंकवाद का खात्मा जरूरी है। सबसे खास बात है कि पाकिस्तान को आतंकवाद और सैन्य मोर्चे पर भारतीय सेना ने जब धूल चटायी तो तमाम राजनीतिक दल वैचारिक मतभेद भुलाकर तिरंगा के नीचे एक साथ खड़े हो गये। इस लड़ाई में एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओबैसी ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी। क्योंकि उन्होंने हर प्लेटफॉर्म से पाकिस्तान को दिल खोलकर लानत भेजी।

# राज्यपाल से अन्नपूर्णा देवी ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री की इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है।



रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मलेशिया पहुंचे। यहां भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी ने उच्चायोग और रक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंगकावी हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

# किसानों को ज्ञान और विज्ञान के सहारे कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ाने की जरूरत : कृषि मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को रांची के गढ़खटंगा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) कैंपस का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां बनी बायोमास गैसीफायर सह बायोचर उत्पादन इकाई का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर उन्होंने संस्थान की ओर से ज्ञान और विज्ञान के साझा प्रयास से उन्नत कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज का दौर ज्ञान और विज्ञान से जुड़कर कृषि क्षेत्र में कदम बढ़ाने का है। आइसीएआर संस्थान किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उन्हें विकसित करने की दिशा में बेहतर काम कर रहा है। संस्थान के विकास के लिए राज्य सरकार ने 124 एकड़ भूमि मुहैया करायी है। उन्होंने कहा कि बीएयू संस्थान को भी 700 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी जा चुकी है। आदिवासी-मूलवासी के पास जमीन ही सबसे बड़ी पूंजी है। समय-समय पर संस्थानों के विस्तार और विकास के लिए उन्होंने जमीन दिया। राज्य के लोग और राज्य का विकास ही संस्थान का उद्देश्य होना चाहिए। राज्य सरकार भी किसानों के जीवन को बेहतर करने का काम कर रही है। लाह के उत्पादन में कई किसान बेहतर काम कर रहे हैं। सहकारिता विभाग के पांच एपेक्स सोसाइटी किसानों के उत्पाद को सही बाजार उपलब्ध कराने में जुटी है।



### किसान खुद को सशक्त बनायें

कृषि मंत्री ने कहा कि चाहे वो संस्थान के प्रयास हों या विभाग की योजनाएं, किसानों को इसके लिए खुद को जागरूक करना होगा। किसान खुद को सशक्त बनाकर गांवों-पंचायतों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। इससे पहले आइसीएआर कैंपस में अनुसूचित जनजाति परियोजना एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत प्रक्षेत्र दिवस सह कृषि इनपुट वितरण का आयोजन किया गया। इसमें करीब 300 किसानों के बीच कृषि सामग्री का वितरण किया गया। दरअसल, आइसीएआर की ओर से कृषि के क्षेत्र में कई तरह के नये प्रयोग किये जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए फसल के चयन और उसके पैदावार को बढ़ाने की दिशा में संस्थान के द्वारा किये जा रहे कार्य की जानकारी मंत्री को दी गयी। मौके पर विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीकी, सलाहकार प्रदीप हजारी, आइसीएआर के निदेशक सुजय रक्षित विशेष रूप से मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य बीमा योजना

# पुलिसकर्मियों को 25 तक आवेदन का अंतिम मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को आवेदन और सत्यापन करने के लिए 25 मई तक अंतिम मौका दिया गया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों, इकाइयों और कार्यालयों को निर्देश भेजे हैं कि वे समय पर योजना के पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करायें। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग ने इस बारे में पुलिस मुख्यालय को मार्च महीने में ही पत्र लिखा था। लेकिन समीक्षा में पाया गया कि अब भी कई अधिकारी और कर्मचारी पंजीकरण और सत्यापन के साथ आवेदन नहीं दिये हैं। ऐसे में सभी पुलिसकर्मियों को हर हाल में 25 मई तक अपना आवेदन पूरा करने के लिए कहा गया है। मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि जो पुलिसकर्मी 25 मई तक आवेदन नहीं करेंगे, वे इस लाभ से वंचित रह सकते हैं। बता दें कि इस योजना के तहत पंजीकरण और सत्यापन पूरा होने के बाद पुलिसकर्मियों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा।






# सरना धर्म कोड को लेकर झामुमो का धरना 27 को



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से 27 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धरना दिया जायेगा। यह जानकारी पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम नौ मई को निर्धारित था, लेकिन भारत और पाकिस्ताकन के तत्काालीन तनाव की स्थिति की चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। इस संबंध में पार्टी की ओर से झामुमो के सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और जिला के संयोजक, महानगर अध्यसक्ष और महानगर के सचिवों को पत्र भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि झामुमो ने इसे लेकर जब तक सरना धर्म कोड नहीं, तब तक जनगणना नहीं नामक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाने का निर्णय किया है।

# राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा, आदेश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों और पेंशनधारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया है। वित्त विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। अब राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों को 53 की जगह 55 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। पिछले कैबिनेट की बैठक में महंगाई भत्ता बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। राज्य कर्मियों और पेंशनधारियों को एक जनवरी 2025 से बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मिलेगा। सातवें वेतनमान प्राप्त पेंशनभोगी और पारिवारिक पेंशनभोगी भी बढ़ा डीए का लाभ उठा सकेंगे। बताते चलें कि भारत सरकार ने पहले ही डीए बढ़ाने का फैसला किया था, जिसके बाद झारखंड सरकार ने भी यह फैसला लिया है।

# जेएमबी इक्विपमेंट एलएंडटी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट की बिक्री और पार्ट्स का बना अधिकृत डीलर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ललित नारायण मिश्रा कॉलोनी, आइटीआइ रोड में स्थित जेएमबी इक्विपमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को एलएंडटी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट की बिक्री और पार्ट्स सहायता के लिए आधिकारिक तौर पर अधिकृत डीलर के रूप में नियुक्त किया गया है। सोमवार को इसके ऑफिस का उद्घाटन एलएंडटी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बिजनेस के वीपी विवेक हजेला ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जेएमबी इक्विपमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हमने झारखंड और बिहार के प्रमुख जिलों में एलएंडटी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट की बिक्री और पार्ट्स सहायता के लिए आधिकारिक तौर पर अधिकृत डीलर के रूप में नियुक्त किया है। यह डीलर के रूप में झारखंड और बिहार के कई जिलों में कार्य करेंगे। एलएंडटी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट और पार्ट्स लोगों को आसानी से उपलब्ध हो, इसके लिए कंपनी लगातार अपना नेटवर्क फैला रही है। इसी कड़ी में रांची में भी अधिकृत डीलर नियुक्त किया गया है। कंपनी के लिए झारखंड का बाजार बहुत ही अच्छा है। यहां कारोबार की पूरी संभावनाएं हैं। इस अवसर पर जेएमबी इक्विपमेंट के एमडी सत्यप्रकाश पांडेय ने कहा कि एलएंडटी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट की बिक्री और पार्ट्स की पूरी रेंज यहां उपलब्ध है। यहां से झारखंड और बिहार के कई जिलों में इक्विपमेंट और पार्ट्स की सप्लाई की जायेगी। मौके एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के जोनल हेड मुकेश तिवारी, एम सुरेश, सुभाशीष कांजीलाल, अभय पाठक, डी सेन, राज प्रकाश पांडे, जय प्रकाश पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।




# कांके में बुबू प्ले स्कूल का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के कांके क्षेत्र में स्थित नगड़ी-बुकरु, जतरा मैदान में एक नये शिक्षण संस्थान बुबू प्ले स्कूल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कांके क्षेत्र के विधायक सुरेश बैठा और बाबा अस्पताल की डॉ आचार्या करुणा नाथ शाहदेव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सुरेश बैठा ने कहा कि कांके क्षेत्र में ऐसे शिक्षण संस्थानों की आवश्यकता है जहां बच्चों को उचित शिक्षा व्यवस्था मिल सके। उन्होंने कहा कि वह हमेशा इस संस्थान के साथ खड़े रहेंगे। स्कूल के निदेशक डॉ मनोज कच्छप ने बताया कि इस संस्थान में बच्चों को कंप्यूटर, डांस, योगा, कराटे, शारीरिक और आध्यात्मिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की शिक्षा भी दी जायेगी। उद्घाटन समारोह के दौरान ग्रामीणों के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में डॉ करुणा नाथ शाहदेव और अन्य डॉक्टरों ने मरीजों का इलाज किया और पशु चिकित्सकों ने पशुओं का टीकाकरण और दवा वितरण किया। इस कार्यक्रम में डॉ. युगेश कुमार महतो, डॉ जोगेश प्रजाति, डॉ रामजीत महतो, डॉ उमेश प्रसाद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# डीएसपीएमयू में संताली भाषा की लिपि ओलचिकी के निर्माण के सौ वर्ष पूरे होने पर हुआ सम्मेलन

**कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को पंडित रघुनाथ मुर्मू स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के संताली विभाग की ओर से संताली भाषा की लिपि ओलचिकी के निर्माण के सौ वर्ष पूरे होने सोमवार पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को विश्वविद्यालय के संताली विभाग की ओर से पंडित रघुनाथ मुर्मु स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि संताली भाषा को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने व स्थापित करने में पंडित रघुनाथ मुर्मू का अद्वितीय योगदान रहा है। ओलचिकी लिपि के माध्यम से ही संताली जैसी आदिवासी भाषा सरकारी तंत्र पर स्थापित हो पायी। ओलचिकी लिपि संताली भाषा के गौरव का प्रतीक है। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के समन्वयक व खोरठा के विभागाध्यक्ष डॉ बिनोद कुमार ने कहा कि डीएसपीएमयू में संताली भाषा की तकनीकी शब्दावली पर दो कार्यशालाएं हुईं। उन्होंने कहा कि ओलचिकी लिपि की अपनी गरिमा, मान-मर्यादा है, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विवि में ओलचिकी के शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जिंदर सिंह मुंडा ने कहा कि ओलचिकी एक सांस्कृतिक लिपि है, जिसमें संताली समाज, परंपरा, सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। डॉ डुमनी माई मुर्मू ने ओलचिकी की इतिहास और पंडित रघुनाथ मुर्मू के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों के लिए कभी गरीब नहीं होती, उसी प्रकार मातृभाषा भी कभी गरीब नहीं होती। वह हम सबको विकट से विकट परिस्थिति में भी अपने पथ से विचलित नहीं होने देती है। एनसीसी समन्वयक कैप्टन डॉ गणेश चंद्र बास्के ने कहा कि पंडित रघुनाथ मुर्मू ने अभावों, असुविधाओं से घिरे रहने के बावजूद अपनी मातृभाषा के लिए ओलचिकी निर्माण किया और समाज, साहित्य, शिक्षा जगत में स्थापित किया। डॉ शकुंतला बेसरा ने एक गीत के माध्यम से ओलचिकी लिपि के निर्माण में पंडित रघुनाथ मुर्मू ने किस तरह संघर्ष किया, उसके ऐतिहासिक पक्ष को सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर किया। बाबूलाल मुर्मू, बिनय टुडू, उषा किरण हांसदा, अनिल सोरेन आदि ने संताली गीत गाया और सामूहिक नृत्य-गीत प्रस्तुत किया। संचालन डॉ जय किशोर मंगल ने किया। कार्यक्रम में डॉ आभा झा, डॉ जेपी शर्मा, डॉ परमेश्वरी प्रसाद महतो, संतोष मुर्मू, डॉ निताई चंद्र महतो, डॉ मनोज कच्छप, डॉ मालती बागीशा लकड़ा व अन्य शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री गोविंदपुर रोड स्टेशन सहित 103 स्टेशनों का 22 को करेंगे उद्घाटन






आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किये गये 103 स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिसमें झारखंड का गोविंदपुर रोड स्टेशन भी शामिल है। इसी दिन झारखंड के राजमहल और शंकरपुर रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री द्वारा किया जायेगा। झारखंड राज्य के कुल 57 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का यह कदम क्षेत्र की रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने, पहुंच में सुधार लाने और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए किये जा रहे इन कार्यों से यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि को भी बल मिलेगा। गोविंदपुर रेलवे स्टेशन, हटिया-बंडामुंडा खंड में यात्री और माल परिवहन के लिए एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। रांची मंडल के अंतर्गत आने वाले गोविंदपुर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। गोविंदपुर रोड स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है, जैसे लिफ्ट, नवनिर्मित स्टेशन भवन, सुसज्जित परिसंचारी क्षेत्र के साथ हरित उद्यान, अतिरिक्त प्रतीक्षालय एवं आरक्षित विश्राम कक्ष, विकसित प्लेटफॉर्म सतह और प्लेटफॉर्म शेल्टर। इसके अलावा दिव्यांगजनों के लिए रैंप, जल बूथ एवं शौचालय, पार्किंग क्षेत्र का विकास, स्टेशन परिसर और प्रांगण में स्थानीय कला की चित्रकारी, टैक्टाइल टाइल्स, स्टेनलेस स्टील बेंच की व्यवस्था, रोड साइड नाली और पैदल पथ का निर्माण, बाउंड्री वॉल और प्रवेश द्वार की सुविधा भी विकसित की गयी है।

# रामलखन सिंह यादव कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)। रामलखन सिंह यादव कॉलेज रांची में भगवान महावीर मेडिका अस्पताल के सहयोग से रक्त दान शिविर एवं नेत्र जांच शिविर लगाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिष्णुचरण महतो, सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, संतोष महतो, पौरुष जैन ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। राउंडटेबल एवं लेडीज सर्कल के अविनाश जैन, भावना सेठी, आकाश सेठी, सुनील कुमार, शशि शेखर, डॉ भावना, मनीष टुडू, लोकेश खालको, कौशल कुमार, राकेश सिंह, महावीर मिर्धा आदि उपस्थित थे।**

# दरभंगा-अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस एलएचबी रेक में परिवर्तित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** दरभंगा और अमृतसर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 15211/15212 दरभंगा-अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस के चारों आइसीएफ रेक को एलएचबी रेक में परिवर्तित करने का कार्य पूरा हो गया है। विदित हो जननायक एक्सप्रेस का पहले से दो रेक का एचएचबी रेक में परिवर्तन कर चलाया जा रहा था। अब इस ट्रेन की चौथे रेक का 18 मई से एलएचबी रेक में परिवर्तन कर परिचालन किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच पारंपरिक कोच की तुलना में वजन में हल्का और मजबूत होता है। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइबिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती हैं। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में छात्रों की सफलता का जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल ने सीबीएसइ 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका, डायरेक्टर अनुज रंजन, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप और प्राचार्या जसमीत कौर उपस्थित थे। स्कूल के चेयरमैन संजय शारदा ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि स्कूल का उद्देश्य छात्रों में सकारात्मक सोच और उनकी अंतर्निहित क्षमता का विकास करना है। डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने कहा कि अंक नहीं, आत्मविश्वास को महत्व देना चाहिए और बच्चों के सपनों को उड़ान देनी चाहिए। अभिभावकों ने स्कूल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल के निर्देशन, शिक्षण और अनुशासन ने उनके बच्चों को नयी पहचान और उड़ान प्रदान की है। उन्होंने स्कूल की डायरेक्टर एकेडमिक्स और प्राचार्या की सराहना की।




# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छह दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे दिन सोमवार को विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद प्राथमिक खंड की आचार्या रीना देवी ने एकल गीत यह देश हमारा है की मनमोहक प्रस्तुति दी। वैचारिक सत्र में शिशु विकास मंदिर समिति के सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो ने आचार्यत्व वृत्ति नहीं व्रत विषय पर सारगर्भित सुझाव प्रस्तुत किया। उन्होंने आचार्यों के दायित्व और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला। शिशु विकास मंदिर समिति के सदस्य आशीष नाथ शाहदेव ने भी इस विषय पर अपने विचार साझा किये। चर्चा सत्र का विषय आचार्यों के मध्य आपसी सहयोग और सद्भावना था। इसमें सभी आचार्यों ने अपनी सहभागिता देकर अपनी सुझाव और अनुभव साझा किये। चर्चा सत्र के प्रवक्ता ने विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला और चर्चा को सारगर्भित दिशा प्रदान की। विभिन्न शिक्षकों के द्वारा आदर्श कक्षा का संचालन हुआ, जहां शिक्षकों ने पाठ योजना बनाकर विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रयोग कर अध्यापन किया। अंतिम सत्र में शारीरिक गतिविधियां जैसे योग, प्राणायाम, आसन और खेल का अभ्यास आचार्यों को कराया गया। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के सदस्य लाल अशोक शाहदेव और आशीष नाथ शाहदेव, विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार, उपप्राचार्य मीना कुमारी और सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे।



# निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में समर कैंप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की गयी। दिन की शुरुआत कराटे प्रशिक्षण सत्र से हुई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेंसी उमेश कुमार रजक ने बच्चों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाये और कराटे के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से परिचित कराया।

कराटे प्रशिक्षण सत्र के बाद, आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने रंग-बिरंगे कागज, पेंसिल, पेंट और अन्य सामग्रियों की मदद से सुंदर कलाकृतियां बनायीं। इस रचनात्मक सत्र ने बच्चों की कल्पना शक्ति और अभिव्यक्ति को निखारने का कार्य किया।

दिन का अंतिम और सबसे मनोरंजक सत्र था मैजिक शो, जिसे प्रसिद्ध जादूगर ए कुमार मैकडिल ने प्रस्तुत किया। उनके अद्भुत जादुई करतबों ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे सभागार में तालियों की गूंज सुनायी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को विविध कौशलों से परिचित कराना और उन्हें समग्र विकास का अवसर प्रदान करना है। इस मौके पर विद्यालय के सचिव सीमा शर्मा के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।







## पासवा ने छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी शुरू की

# 15 से 20 हजार बच्चों को मिलेगा सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा झारखंड में राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में सीबीएसइ, आइसीएसइ और झारखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जायेगा।

राजधानी रांची में इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर पासवा की एक महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। आलोक कुमार दुबे ने बताया कि इस वर्ष 15 से 20 हजार बच्चों को एक ही मंच पर सम्मानित किया जायेगा। यह आयोजन न केवल संख्या में बड़ा होगा, बल्कि इसका उद्देश्य भी प्रेरणादायक होगा। इस वर्ष का आयोजन दो दिवसीय होगा। पहले दिन सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। दूसरे दिन मुख्य छात्र सम्मान समारोह आयोजित होगा।

पासवा के संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव और देशभर के गणमान्य अतिथि इस आयोजन में भाग लेंगे। यह समारोह न केवल छात्रों का उत्साहवर्धन करेगा, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का क्षण होगा। पासवा की टीम ने आयोजन की तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी हैं। नामांकन प्रक्रिया, आमंत्रण, स्थान चयन और तकनीकी व्यवस्थाओं को लेकर कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

आलोक कुमार दुबे ने आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि मेहनत, प्रेरणा और आत्मबल का उत्सव होगा,जो बच्चों के सपनों को नयी उड़ान देगा। बैठक में महानगर अध्यक्ष पासवा डॉ सुषमा केरकेट्टा, प्रदेश सचिव संजय प्रसाद, रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष रशीद अंसारी, डायरेक्टर अल्ताफ अंसारी, विशाल सिंह, मो अजहर, अंकिता कुमारी, रूपा राव, सलोनी कुमारी, अनामिका कुमारी, मो.फैजान, रुखसार मुख्य रूप से उपस्थित थे।




# हैदराबाद ने लखनऊ को 6 विकेट से हराया

## लखनऊ सुपर जायंट्स आइपीएल प्लेऑफ की रेस से बाहर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लखनऊ।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को 6 विकेट से हरा दिया। हार के साथ ही लखनऊ की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गयी है और उसका खिताब जीतने का सपना टूट गया है। लखनऊ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205 रन बनाये। हैदराबाद ने इस टारगेट को आसानी से हासिल कर लिया।

**लखनऊ ने किया खराब प्रदर्शन**
ऋषभ पंत की कप्तानी में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने मौजूदा सीजन में कुल 12 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 5 में जीत हासिल की है। वहीं 7 मैचों में हार मिली है। 10 अंकों के साथ उसका नेट रन रेट माइनस 0.506 है। अभी उसके दो मुकाबले बचे हुए हैं, जिन्हें जीतकर भी लखनऊ की टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायेगी।

**अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी की :** सनराइजर्स हैदराबाद की शुरूआत अच्छी नहीं रही, जब अथर्व तायडे सिर्फ 13 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने क्रीज पर टिकने की कोशिश की। इन दोनों प्लेयर्स ने 82 रनों की साझेदारी की। अभिषेक ने 20 गेंदों में सिर्फ 59 रन बनाये, जिसमें चार चौके और 6 छक्के शामिल रहे। ईशान के 35 रन, हेनरिक क्लासेन के 47 रन रनों से हैदराबाद ने शानदार जीत दर्ज की। लखनऊ की टीम के लिए कोई भी गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। दिग्वेश राठी ने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

**मार्श और माक्रम ने लगाये अर्धशतक :** लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श और एडन माक्रम ने पहले विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की और इन प्लेयर्स ने ही बड़े स्कोर की नींव रख दी। मिचेल मार्श ने 39 गेंदों में 65 रन बनाये, जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल रहे। वहीं एडन माक्रम ने 38 गेंदों में 61 रन बनाये, जिसमें चार चौके और चार छक्के शामिल रहे। कप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर फ्लॉप रहे और सिर्फ 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। निकोलस पूरन ने 26 गेंदों में 45 रन बनाये। बाकी के बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। लखनऊ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205 रन बनाये।

# सीएम और बाबूलाल ने पुण्यतिथि पर जमशेदजी टाटा को किया याद

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के महान उद्योगपति और टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा कि पुण्यतिथि पर जमशेदजी टाटाजी को शत-शत नमन।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये जमशेदजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि भारतीय औद्योगिक विकास के आधार स्तंभ और उद्यम के माध्यम से देश की सेवा करने वाले आदर्श उद्योगपति जमशेदजी टाटा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

## जेएससीए में आदिवासी और मूलवासियों की हो भागीदारी : नायक





रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन में राज्य के आदिवासी और मूलवासियों की भी भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है। उक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सोमवार को कही। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय की भागीदारी नहीं होने से झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन में एक ही वर्ग का वर्चस्व हो जायेगा। नायक ने कहा कि वर्तमान में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के प्रशासनिक और नेतृत्वकारी पदों पर इन वर्गों का प्रतिनिधित्व नगण्य है, जबकि झारखंड की जनसंख्या में आदिवासी-मूलवासी समुदायों का बड़ा हिस्सा है। यह असंतुलन न केवल सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है, बल्कि राज्य के क्रिकेट विकास में विविध प्रतिभाओं के योगदान को भी सीमित करता है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन और जेलेंस्की से फोन पर बात की

## रूसी राष्ट्रपति ने कहा-समझौते के बाद ही युद्धविराम संभव

**एजेंसी**





**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा की है। ट्रंप के साथ दो घंटे से अधिक देर तक हुई बातचीत में पुतिन ने कहा कि, दोनों देशों के बीच समझौते के बाद युद्धविराम संभव है। उन्होंने वार्ता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का धन्यवाद किया है। रूसी मीडिया के अनुसार पुतिन और ट्रंप के बीच दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत चली। रूसी राष्ट्रपति ने वार्ता को महत्वपूर्ण, स्पष्ट और उपयोगी बताया। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच सीधी वार्ता फिर से शुरू करने में अमेरिका की भूमिका के लिए ट्रंप का आभार भी व्यक्त किया।

**युद्धविराम स्थापित करनेवाले समझौते पर काम करने के लिए तैयार-पुतिन**
पुतिन ने कहा कि रूस युद्ध विराम सहित समझौतों पर काम करने के लिए तैयार है। वह लड़ाई रोकने का समर्थन करते हैं, लेकिन शांति की दिशा में सबसे प्रभावी कदम विकसित करने की जरूरत है। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उनका देश यूक्रेन के साथ युद्धविराम स्थापित करने वाले समझौते पर काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने ऐसे समझौतों की आवश्यकता पर बल दिया जो सभी पक्षों को स्वीकार हो।

**पुतिन से बात करने के बाद जेलेंस्की से की बात**
पुतिन से बातचीत के से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से बात की थी। पुतिन के बाद खत्म होने के बाद ट्रंप ने एक बार फिर से जेलेंस्की से चर्चा कर रहे हैं।


**पूर्व तट रेलवे**

पत्र सं. S&T/OT/EI-KNPR-KUR-01, दिनांक : 16.05.2025

**कार्य का नाम :** खोरधा रोड मण्डल के कटक-पारादीप सेक्शन में पुराने रिले को प्रतिस्थापन (Replacement) एवं कैंद्रापड़ा रोड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रावधान।

**निविदा मूल्य :** ₹ 5,53,86,870.68, EMD : ₹ 4,26,900/-, बिड प्रारंभ होने की तिथि : 21.05.2025.

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 04.06.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, खोरधा रोड

PR-142/Q/25-26


# सीबीआइ ने बरकासयाल प्रक्षेत्र की तीन परियोजनाओं में की छापामारी

## टीम के सदस्यों ने कोलियरी में महत्वपूर्ण दस्तावेज खंगाले

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**उरीमारी।** सीबीआइ की दर्जनों सदस्यीय टीम ने सोमवार को सीसीएल के बरकासयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत सयाल डी परियोजना, उरीमारी परियोजना और बिरसा परियोजना के पीओ कार्यालय में एक साथ रेड किया। इस दौरान टीम ने कोलियरी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज खंगाले और सीसीएल के महाप्रबंधक एनके सिंह और प्रोजेक्ट ऑफिसर सुधीर कुमार से अलग-अलग पूछताछ की। सूत्रों से मिली जानकारी के अुनसार सीबीआइ की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सयाल डी परियोजना, उरीमारी परियोजना और बिरसा परियोजना में लोकल सेल और हाइवा के माध्यम से कोयला का गोरखधंधा किया जाता है। कोयला हाइवा के माध्यम से रात के अंधेरे में सेटिंग गेटिंग से रामगढ़ और हजारीबाग जिला के कई स्पंज प्लांट में बडे पैमाने पर भेजे जाते है।

कोयले की हेराफेरी की सूचना के बाद सीबीआइ की टीम ने सोमवार को करीब साढे ग्यारह बजे एक साथ बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय सहित सयाल डी कोलियरी, उरीमारी कोलियरी और बिरसा कोलियरी के पीओ कार्यालय पहुंची। जहां टीम ने अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोगों के आवागमन को रोक दिया। इसके बाद टीम ने कार्यालय में रखे कागजातों को खंगालने में जुट गई। सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच के बाद कई नामचिन सफेदपोस सीबीआइ की गिरफ्त में होंगे।

वहीं बताया जाता है कि सीबीआसइ की टीम को प्रक्षेत्र में सीएमपीएफ, पेंशन सेटेलमेंट, सर्विससिट मे परिवार के सदस्यों का नाम चढ़ाने, नये कर्मचारियों के रेगूलाइज करने, पदोन्नति में घूस लेने की शिकायत भी मिली है। इस पर पुछताछ चल रही है। खबर भेजे जाने तक सीबीआइ की टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# एसीबी ने राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आयी है, जहां सतर्कता विभाग (एसबी) की टीम ने एक राजस्व कर्मचारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मचारी की पहचान प्रहलाद मांझी के रूप में हुई है, जो वर्तमान में बड़कागांव अंचल कार्यालय में पदस्थापित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रहलाद मांझी एक स्थानीय व्यक्ति से जमीन से संबंधित कार्य के लिए रिश्वत की मांग कर रहे थे। पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत सतर्कता विभाग से की, जिसके बाद विभाग ने पूर्व नियोजित योजना के तहत कार्रवाई करते हुए बड़कागांव अंचल कार्यालय परिसर में ही मांझी को 3,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद सतर्कता टीम ने मौके पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मांझी को हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गयी है। इस घटना से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में पूर्ण सहयोग देने की बात कही है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का संकेत दिया है। यह घटना सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-साउथ-25-26-02, दिनांक: 16.5.2025। **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन झींकपानी-तलाबुरु खंड के बीच बड़ाजामदा जंक्शन-गुआ - टीआरआर (पी) - 4.500 टीकिमी., पदापहाड़-बोलानीखदान - टीआरआर (पी) - 5.500 टीकिमी. एवं पदापहाड़-नयागढ़ - टीआरआर (पी) - 28.112 टीकिमी. तथा किमी. 331.00-332.595 पर अप लाइन पर 1. 595 ट्रैक्शन किमी. के लिए पीएससी-14 स्लीपर पर बिछे हुए वर्तमान 60 किग्रा. 90 यूटीएस रेल का नए 60 किग्रा. 90यूटीएस/आर260 रेल (एलडब्ल्यूआर) द्वारा टीएफआर सहित सम्पूर्ण रेल नवीकरण (प्राथमिक) (तृतीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,51,31,596। **बयाना राशि:** ₹3,25,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0.00। **खुलने की तारीख:** 09.06.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-I I I डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-172)


# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज यूनिवर्सिटी कैंपस में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण करेंगे

## एडीएम ने बीबीएमकेयू में किया अंतिम चरण की तैयारियों का निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची/धनबाद।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने सोमवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम के अंतिम चरण की तैयारियों का निरीक्षण किया। मंगलवार को यूनिवर्सिटी में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करकमलों द्वारा यूनिवर्सिटी कैंपस में स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा।

इस दौरान राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के बरवाअड्डा हवाई पट्टी से युनिवर्सटी तक आगमन रूट, युनिवर्सटी कैंपस में उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत, प्रतिमा अनावरण स्थल, कार्यक्रम स्थल, स्टेज, डी बॉक्स, ग्रीन रूम, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, अतिथियों व मीडिया का बैठक स्थल, ग्रीन रूम, कंट्रोल रूम, मेडिकल डेस्क, फायर सेफ्टी, दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। इसके बाद एडीएम ने यूनिवर्सिटी कैंपस में जिला प्रशासन तथा यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक एवं प्रकाश कुमार, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार, डीएसपी मुख्यालय-एक शंकर कामती, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, बीबीएमकेयू के वाइस चांसलर सिनियर प्रोफेसर (डॉ) राम कुमार सिंह, प्रोक्टर डॉ कौशल कुमार, रजिस्ट्रार डॉ डीके सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने किया तैयारियों का निरीक्षण

उधर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार की रात कार्यक्रम के अंतिम चरण की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिमा अनावरण स्थल, कार्यक्रम स्थल, स्टेज, ग्रीन रूम, अतिथियों व मीडिया का बैठक स्थल, ग्रीन रूम, कंट्रोल रूम, मेडिकल डेस्क, फायर सेफ्टी, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 59 date 19.05.2025, I, ASHRUPIYA DEVI W/o Late Ugan Das Resident of Village & Post Makatpur, Ps- Jai Nagar, Dist. Kodarma (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows :-
1. That I am an Indian citizen by birth and I am permanently residing in above mentioned address.
2. That my Adhar Card bearing no. 8935 1969 6416 has been wrongly mentioned as ASHRUFIA DEVI in place of ASHRUPI YA DEVI.
3. That my actual and correct name as ASHRUPIYA DEVI due to my family pension documents and nomination from West Bengal State Electricity Distribution company Limited bearing Memo no. PPO/80009187/9692 Dated 13/03/2025
4. That I am doing this affidavit for correction of my correct name ASHRUPIYA DEVI in Adhar Card, Pan card & others documents.
5. That my all statements are true and correct if found any kind of wrong I shall be liable for the same.

**शपथ पत्र**



शपथ पत्र के अनुसार क्र.सं. 1495 दिनांक 14.05.2025, मैं किशोर कुमार मेहता, पिता धर्मनाथ महतो, उम्र 45 वर्ष लगभग, पेशा गृहस्थी, निवास स्थान बरियठ, पो० बरियठ, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग की निवासी हूँ, जो शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि:-
1. यह कि मैं एक भारतीय नागरिक हूँ।
2. यह कि मेरा आधार न0 6029 4941 4957 है एवं पैन कार्ड न० DCNPM5526D है। 3. यह कि मैं किशोर कुमार मेहता मेरा आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम किशोर कुमार मेहता है। 4. यह कि मेरा बचत खाता, बैंक ऑफ इण्डिया इचाक मोड शाखा में है जिसका बचत खाता न० 493818210000752 में मेरा नाम किशोर कुमार मेहता के जगह किशोर कुमार हो गया है। जो कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो कि मैं स्वयं हूँ। और मैं दोनों नामों से जाना जाता हूँ।
5. यह कि उपरोक्त बाते मेरी जानकारी में सत्य वो सही है।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 12762 date 16.05.2025, I, Brijmal Ram S/O Sri Pawan Ram, aged about 39 years, resident of village Parsachuan P.O. Babhandi, P.S. Hariharganj, District Palamau, State Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follow:-
1. That Aryan Kumar is my son, whose actual date of birth is 10.09.2012, which is mentioned in his Birth Certificate, which is true and correct. 2. That in Aadhar Card my son's name is wrongly mentioned as S B Babu in stead of Aryan Kumar and his date of birth is also wrongly mentioned as 01.01.2011 in stead of 10.09.2012.
3. That from today my son is known as Aryan Kumar and his date of birth is 10.09.2012
4. That this affidavit is also being executed simply for published the above contents in News Paper regarding correct name of my son name as Aryan Kumar and his date of birth is 10.09.2012.
Hence this affidavit. The deponent above named, is identified by me and he has signed in my presence.

# फिजूल का विवाद

आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया को बताने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का सरकार का फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका विवादों में घिर जाना। देश की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति किसी के हित में नहीं है।

**पाक को घेरने की नीति :** पहलगाम में आतंकियों की नृशंसता के बावजूद जवाब देते हुए भारत ने जिस तरह संयम बरता, उसकी तारीफ सभी कर रहे हैं। पाकिस्तान की तरफ से उकसावे वाले कदमों के बाद भी भारत की प्रतिक्रिया सधी, सटीक और नियंत्रित रही। हिंदुस्तान ने पाकिस्तान को जवाब ही नहीं दिया, उसकी असलियत भी दुनिया के सामने ला दी है। इस्लामाबाद के बचे हुए सपोर्ट सिस्टम को खत्म करने और भारत की चिंता और स्टैंड से दुनिया को वाकिफ कराने के लिए सरकार की ओर से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजे जायेंगे।

**मकसद पर सवाल :** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों से सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है, लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खास कर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा है। इससे एक अच्छा मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है।

**थरूर पहले संयुक्त राष्ट्र में काम कर चुके हैं, विदेश राज्य मंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से डेलिगेशन को मिलेगा। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था।**

**कहां गयी एकजुटता :** कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिये थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गये। कांग्रेस का आरोप है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर भाजपा ओछी राजनीति कर रही है। वहीं, भाजपा ने कांग्रेस के भेजे नामों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। यह तस्वीर उससे बिल्कुल अलग है, जब सारे दल आतंकवाद के खिलाफ जंग में एकजुट नजर आ रहे थे।

**विवाद नहीं, संवाद चाहिए :** थरूर पहले संयुक्त राष्ट्र में काम कर चुके हैं, विदेश राज्य मंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से डेलिगेशन को मिलेगा। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था। इस अपेक्षा को गलत नहीं कहा जा सकता। मगर इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। अच्छा होता कि सत्ता पक्ष और विपक्ष सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय सीधे आपस में बात करते।

**राजनीति से ऊपर :** शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं, लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सोचना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**गवर्नमेंट इ-मार्केटप्लेस (जीइएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किये जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीइएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमइ, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है।**

# जीइएम-सार्वजनिक खरीद को आकर्षक बनाने का सार्थक प्रयास



**पीयूष गोयल**




सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के एक अग्रणी उपाय के रूप में गवर्नमेंट इ-मार्केटप्लेस (जीइएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किए जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीइएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमइ, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है।

उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म एक ऐसा सच्चा रत्न है, जिसने कुख्यात आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है। इस महानिदेशालय की अपारदर्शी और गैर-प्रतिस्पर्धी प्रणालियां कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को अनुचित लाभ प्रदान करती थीं। इसलिए यह उचित ही है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का नया कार्यालय, वाणिज्य भवन, उस भूमि पर बनाया गया है जिस पर कभी यह पुराना निकाय स्थित था।

**वर्ष 2016 में स्थापना के बाद से जीइएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है।**

**शानदार प्रगति :** वर्ष 2016 में स्थापना के बाद से जीइएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गई। जीइएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपये करना है। जीइएम निःसंदेह सार्वजनिक खरीद से जुड़े परिदृश्य में एक असाधारण तकनीकी उपाय के रूप में उभरा है। कारोबार के आकार की दृष्टि से, जीइएम निकट भविष्य में दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खरीद पोर्टल बन जायेगा और दक्षिण कोरिया के कोनेप्स जैसी सुप्रतिष्ठित संस्थाओं को पीछे छोड़ देगा। जीइएम ने ईमानदारी से व्यावसाय करने प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किए हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। इस संदर्भ में, जीइएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व प्रगति से कहीं बढ़कर है जो अपने आप में इ-कॉमर्स से जुड़ी किसी भी बड़ी कंपनी को हैरान कर देने के लिए काफी है।

**न्यायसंगत विकास का वाहक :** जीइएम प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है। यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है। प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर करके, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को इ-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है।

**समावेशिता के सिद्धांत से प्रेरित :** जीइएम ने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों का समावेश किया है। इनमें सरकारी खरीदारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों द्वारा पेश किये जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं की पहचान करने तथा उनका चयन करने में मदद करने वाली प्रणालियां शामिल हैं।

**लक्ष्य से आगे :** जीइएम पर स्टार्टअप रनवे और वुमनिया जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया है। इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से 3 प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है। जीइएम पर किये गये कुल कारोबार का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) को दिया गया है और महिला उद्यमों द्वारा खरीद की हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। अप्रैल 2025 तक 30,000 से अधिक स्टार्टअप ने जीइएम के जरिए 38,500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। इसके अलावा 1.81 लाख उद्यम-सत्यापित महिला उद्यमियों ने जीइएम पोर्टल पर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किये हैं।

**बड़ी बचत :** इन बदलावों से कुछ खास आकार के ऑर्डरों के लिए 33 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक की बचत हुई है। यह उल्लेखनीय कमी देश के आम नागरिकों के हित में व्यापार करने में आसानी (इज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवन-यापन में आसानी (इज ऑफ लिविंग) को बढ़ाने के मोदी सरकार के मिशन के अनुरूप एक स्वागत योग्य बदलाव है।

विश्व बैंक द्वारा किये गये एक स्वतंत्र मूल्यांकन से यह पता चला है कि जीइएम पर खरीदार औसत कीमत पर लगभग 9.75 प्रतिशत की बचत करते हैं। इससे करदाताओं के पैसे का उपयोग करके की जाने वाली सार्वजनिक खरीद में अनुमानित रूप से 1,15,000 करोड़ रुपये की भारी बचत हुई है। जीइएम पर खरीद ने सरकारी कंपनी एनटीपीसी को 20,000 करोड़ रुपये के अनुबंध में रिवर्स नीलामी का उपयोग करके 2,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की। जीईएम ने रक्षा उपकरणों, टीकों, ड्रोन और बीमा जैसी सेवाओं की पारदर्शी एवं किफायती खरीद में भी मदद की है। छोटे उद्यमों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए, जीइएम ने हाल ही में अपने लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी की है। 10 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 0.30 प्रतिशत का कम लेनदेन शुल्क लगेगा, जबकि 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 3 लाख रुपये का सीमित शुल्क लगेगा - जोकि पहले के 72.50 लाख रुपये के शुल्क से काफी कम है।

**प्रौद्योगिकी, एआइ :** एक ठोस तकनीकी बुनियादी ढांचे से लैस, यह प्लेटफॉर्म विभिन्न तकनीकी उपायों का उपयोग करके व्यापार करने के नए एवं आसान तरीके पेश करते हुए लगातार विकसित होता जा रहा है। जीइएम ने जीइएम एआइ नामक एक एआइ-संचालित चैटबॉट का समावेश किया है - यह संवादात्मक विश्लेषण और व्यावसायिक बुद्धिमत्ता में प्रशिक्षित एक उपकरण है। यह स्मार्ट चैटबॉट आठ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है और जीइएम पोर्टल पर व्यापार करने में आसानी को और बढ़ाने के लिए वॉयस कमांड कार्यक्षमता सहित नवीनतम तकनीकों से लैस है।

जीइएम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) विक्रेताओं के लिए वित्तपोषण संबंधी उत्पाद भी प्रदान करता है। यह पात्र खरीद आर्डरों के लिए 10 मिनट से भी कम समय में गिरवी-मुक्त वित्तपोषण प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म ने जीइएम सहाय 2.0 पेश किया है, जो 10 लाख रुपये तक के ऋण को हासिल करने के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करता है। इस प्लेटफॉर्म को और अधिक समावेशी एवं प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु पहले की अपेक्षा अधिक पहलों एवं तकनीकी उपायों पर काम चल रहा है।

जीइएम पोर्टल भारत के आर्थिक विकास और प्रधानमंत्री मोदी के प्रगति संबंधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में सक्रिय है। यह समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को सशक्त बनाने एवं उनका उत्थान करने तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अतिरिक्त प्रयास करेगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगा कि करदाताओं के पैसे का कुशलतापूर्वक उपयोग प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की खरीद के लिए किया जाये।

**(लेखक : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## घाघीडीह केंद्रीय कारा और घाटशिला उपकारा में जेल अदालत सह चिकित्सा शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** घाघीडीह केंद्रीय कारा में जेल अदालत सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना मिश्रा मौजूद रहीं, वहीं न्यायिक दंडाधिकारी, रेलवे कोर्ट चाईबासा वर्चुअल रूप से जुड़े थे। शिविर में विशेष कर वैसे बंदियों को चिन्हित किया गया जिनके परिवार वाले जमानत के लिए उपस्थित नहीं हो रहे हैं। साथ ही वैसे बंदी जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है। उनकी बारे में जानकारी ली गयी। न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना मिश्रा ने कारा के बंदियों से एक-एक कर बात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जेल में रहन-सहन, भोजन, न्यायिक सहयोग परिवार के संबंध में हर मुद्दे पर बंदियों से बात की गई। जेल अदालत में कुल-05 वादो को रखा गया। जिसमें 05 वादो का निष्पादन हुआ। 05 बंदी लाभान्वित हुए। 05 बंदियों में से 01 बंदी तत्काल कारा से मुक्त हुए। 01 बंदी पर अन्य वाद लंबित रहने तथा शेष 03 बंदी पर अर्थदण्ड की राशि जमा नहीं करने के फलस्वरूप कारा से मुक्त नहीं किये जा सके।इस अवसर पर कारा में चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें कारा चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य जांच की गयी।

## फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड का सिनेमैटिक और फिल्म मेकिंग वर्कशॉप 25 मई को साकची में



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड की ओर से आगामी एक दिवसीय मास्टर सिनेमैटिक और फिल्म मेकिंग वर्कशॉप को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सोमवार की शाम मोदी पार्क में बैठक के दौरान कार्यक्रम के लिए पोस्टर लॉन्चिंग किया गया। मौके पर सोसाइटी के सदस्यों, फोटोग्राफरों, उभरते फिल्ममेकर्स और कला-प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पोस्टर का अनावरण करते हुए अध्यक्ष सुमन शर्मा ने बताया यह वर्कशॉप आगामी 25 मई को साकची के एक होटल में किया जायेगा। वर्कशॉप में फिल्म निर्माण, सिनेमैटिक तकनीकों, एडिटिंग स्किल्स और विजुअल स्टोरीटेलिंग में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए एक अनूठा अवसर है। यह वर्कशॉप प्रदेश में क्रिएटिव प्रोफेशनल्स के विकास के लिए आयोजित की जा रही है, जिससे युवाओं को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ प्रैक्टिकल अनुभव भी मिलेगा। पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने कहा झारखंड में छुपी प्रतिभाओं को सही मंच देने के उद्देश्य से सोसाइटी लगातार प्रयासरत है। आनेवाले समय में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे।

# सैन्य अधिकारियों पर टिप्पणियों का विरोध, सड़क पर उतरे पूर्व सैनिक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के सदस्यों ने भारत सरकार से कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के खिलाफ की गयी आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिषद के सदस्यों ने शहीद स्मारक से बजरंग चौक (गोलमुरी) तक विरोध मार्च निकाला और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। परिषद ने एक स्वर में कहा कुछ नेताओं द्वारा सेना की महिला अधिकारियों पर की गयी जाति और धर्म आधारित टिप्पणियां अत्यंत निंदनीय और देश की सुरक्षा व्यवस्था का अपमान हैं। पूर्व सैनिकों का मानना है यह मामला केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि राष्ट्र की सशस्त्र सेनाओं की गरिमा और अनुशासन पर सीधा हमला है। सेना देश की वह संस्था है जो अब भी ईमानदारी, अनुशासन और बलिदान की भावना से कार्य करती है। इस पर हमला, पूरे देश की आत्मा पर हमला है। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को 'आतंकवादियों की बहन' कहने को धार्मिक सद्भाव को बिगाड़ने वाला बताया और कहा बीएनएस धारा 196 (1बी) के अंतर्गत यह आपराधिक कृत्य है, क्योंकि यह बयान समाज को सांप्रदायिक आधार पर बांटने का कार्य करता है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति पर की गयी टिप्पणी को लेकर भी परिषद ने आक्रोश प्रकट की। परिषद ने कहा कुछ लोग आज भी जातिवादी सोच से ग्रसित हैं और देश की सेवा में लगे अधिकारियों की पहचान उनकी योग्यता नहीं, बल्कि जाति और धर्म से करना चाहते हैं।

## कंक्रीट मिक्सर मशीन की चपेट में आने से युवक की मौत

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत सुधा डेयरी के समीप कंक्रीट मिक्सर मशीन वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान आदित्यपुर भाटिया बस्ती निवासी राज गोपाल मंडल के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार कांड्रा की ओर जा रही मिक्सर मशीन वाहन ट्रैफिक सिग्नल को पार करने के दौरान तेज गति से वाहन को भगाने लगा, इसी दौरान जमशेदपुर की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवक वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद सड़क पर अफरा तफरी मच गयी। सूचना मिलते ही आदित्यपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## यातायात पुलिस की मनमानी के खिलाफ आजसू को मिला जनता का समर्थन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा यातायात पुलिस के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन में आम जनता का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त है। प्रथम चरण में जिले के विभिन्न चौक और सार्वजनिक स्थलों पर जनसमर्थन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के कुल 14,680 नागरिकों ने हस्ताक्षर कर आजसू पार्टी के रुख का समर्थन किया। कन्हैया सिंह ने कहा जनमत के समर्थन में आजसू पार्टी का यह आंदोलन जनहित में लिया गया एक सही निर्णय है। उन्होंने बताया अब आंदोलन के द्वितीय चरण में जिले के जनप्रतिनिधियों, स्थानीय सांसद, विधायक, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, सरपंच व विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद स्थापित कर समर्थन लिया जाएगा। द्वितीय चरण में एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। जिसमें यातायात पुलिस द्वारा जनता के साथ किए जा रहे अमानवीय व्यवहार की जानकारी दी जाएगी। यह ज्ञापन जून के पहले सप्ताह में सौंपा जाएगा। कन्हैया सिंह ने स्पष्ट किया यदि निश्चित समय सीमा में इस मुद्दे का समाधान नहीं निकला तो आजसू पार्टी इससे भी व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया द्वितीय चरण के आंदोलन की शुरूआत गुरुवार से किया जायेगा।

## टीएसएएफ के प्रशिक्षक मोहन रावत ने फतह किया माउंट एवरेस्ट



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रशिक्षक मोहन रावत ने पर्वतारोहण की दुनिया में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए 18 मई 2025 को नेपाल समयानुसार सुबह 5:20 बजे माउंट एवरेस्ट (29,032 फीट) की चोटी पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया। यह टीएसएएफ की लंबी और गौरवशाली पर्वतारोहण परंपरा में 13वीं बार है जब संस्था के मार्गदर्शन में किसी पर्वतारोही ने एवरेस्ट को फतह किया है। मोहन रावत 10 अप्रैल को भारत से अपनी यात्रा शुरू की। काठमांडू में परमिट की प्रक्रिया में विलंब के बावजूद, उन्होंने 3 मई को एवरेस्ट बेस कैंप (17,500 फीट) पहुंचने में सफलता पायी। 2 मई को माउंट लोबुचे ईस्ट (20,075 फीट) की चढ़ाई कर उन्होंने खुद को ऊंचाई के अनुकूल बनाया।8 मई से समिट रोटेशन शुरू हुआ और वे कैंप 1, कैंप 2 और कैंप 3 तक पहुंचे। इसके बाद 11 मई को बेस कैंप लौटकर अंतिम तैयारी की। 14 मई की रात समिट पुश की शुरूआत हुई, जिसमें उन्होंने खतरनाक खुम्बू आइसफॉल को पार करते हुए 16 मई को कैंप 3 और 17 मई को साउथ कोल (26,400 फीट) स्थित कैंप 4 तक सफलता से चढ़ाई की। अंततः 18 मई को उन्होंने एवरेस्ट शिखर पर पहुँचकर देश का गौरव बढ़ाया।इस अभियान में उनके साथ अनुभवी शेर्पा गाइड लाख्पा शेर्पा थे। नेपाल की प्रतिष्ठित आउटफिटिंग संस्था एशियन ट्रेकिंग का सहयोग प्राप्त हुआ।टीएसएएफ के चेयरमैन और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) डीबी सुंदरा रामम ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा मोहन रावत की यह चढ़ाई न केवल साहस और प्रतिबद्धता की मिसाल है, बल्कि यह संस्था के मूल्यों और प्रशिक्षण प्रणाली की सफलता का भी परिचायक है। उत्तरकाशी जैसे छोटे गांव से निकलकर एवरेस्ट तक पहुंचना, युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक कहानी है।

# छऊ नृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान कलाकारों को सहयोग मिलेगा : संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका/ जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के जुड़ी पंचायत अंतर्गत तिरिंग गांव में श्री श्री सार्वजनिन शिव पूजा कमेटी के तत्वावधान में छऊ नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मौके पर सरायकेला-खरसावां के मारांगाहातु और आरंबा से आए छऊ नृत्य दलों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।इससे पूरे मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। विधायक ने कहा छऊ नृत्य झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। जो राज्य की पहचान विश्व स्तर तक पहुंचा रहा है। श्री सरदार ने कहा पारंपरिक कला और संस्कृति को संरक्षण देना हमारी प्राथमिकता है। सरकार कलाकारों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगी। ताकि यह धरोहर जीवित रह कर नई पीढ़ी तक पहुंच सके। विधायक श्री सरदार ने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा एक शिक्षित समाज ही सशक्त समाज का निर्माण करता है।इस अवसर पर पोटका की उप-प्रमुख उर्मिला सामाद, ग्राम प्रधान मंजु सरदार समेत कई गणमान्य अतिथि शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ और उत्साह ने यह साबित कर दिया पारंपरिक कला आज भी जनमानस के हृदय में जीवित है। इस आयोजन ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि सांस्कृतिक चेतना को भी पुनर्जीवित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन संजय सरदार ने की।आयोजन को सफल बनाने में शुरू सरदार, रोहिन सरदार, सचिन सरदार, रतन सरदार, फुदेन सरदार, सुभाष सरदार, सनातन सरदार, राहुल सरदार, श्याम सरदार और सागर सरदार सहित कई ग्रामीणों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# मेराल में वज्रपात से तीन लोगों की मौत, पांच घायल

वज्रपात में विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन के एकलौते पुत्र सहित तीन की मौत

एक बैल की भी हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** थाना क्षेत्र में सोमवार को शाम पांच बजे अचानक आई तेज आंधी, तूफान और हल्की बारिश के बीच हुई वज्रपात से मैट्रिक छात्र 18 वर्षीय तरुण देव सहित तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच व्यक्ति घायल हो गये। प्रखंड मुख्यालय के पूर्वारा टोला निवासी विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन का एकलौता पुत्र तरुण कुमार देव 18 वर्ष, लखेया गांव के शंभू बैठा उम्र करीब 65 वर्ष तथा रेजो गांव के धर्मेंद्र राम उम्र 35 की मौत हो गयी। परिवार वालों द्वारा तीनों को आनन फानन में मेराल सीएचसी लाया गया, जहां डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने चिकित्सकीय परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार तरुण कुमार देव गढ़वा के आरके पब्लिक स्कूल से मैट्रिक के परीक्षा पास किया था। वह आज अपनी मां के साथ खेत में भूसा लेने गया था तभी तेज तूफान और बारिश से बचने के लिए वह महुआ पेड़ के नीचे गया इसी दौरान वह वज्रपात की चपेट में आ गया। लखेया गांव में शंभू बैठा, धर्मेंद्र राम और रमुना के टंडवा गांव निवासी दिलीप कुमार तीनों शंभू के घर पर एस्बेस्टस सीट चढ़ा रहे थे। आंधी तूफान एवं वर्षा से बचने के लिए तीनों लोग छत से नीचे उतरे लेकिन बगल में ही पेड़ पर वज्रपात हुआ और धर्मेंद्र और शंभू बैठा की मौत हो गयी। जबकि घायल दिलीप कुमार का इलाज किया जा रहा है, चिकित्सकों के अनुसार वह खतरे से बाहर है।

दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद अंचल अधिकारी यशवंत नायक, प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णु कांत ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास किया। अंचल अधिकारी यशवंत नायक ने कहा कि वज्रपात की घटना में तीनों मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन मद से सरकारी प्रावधान के अनुसार सभी तरह का सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, संजय भगत, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, विकास सिंह कुशवाहा, मुखिया राम सागर महतो, विकास दुबे, मनोज जायसवाल, विजय शाह, रूपू महतो, सुषमा कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अस्पताल पहुंचकर लोगों को सहयोग किया तथा शोक संतप्त लोगों को ढांढस। वहीं मेराल में तीन अन्य वज्रपात की घटना में अरंगी गांव में चिंता देवी पति लखन विंद तथा मिनी कंस्ट्रक्शन चिनिया रोड में काम कर रहे तीन मजदूर भी घायल हो गये। इन घायलों में बेबी देवी, राजमती देवी, अरविंद कुमार का नाम शामिल है। सभी घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जबकि राजबली यादव मेराल बाजार टोला निवासी के बैल की मौत हो गयी।

# जिलास्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 17 और 18 मई को रामासाहू स्कूल के मैदान में संपन्न हुआ। जिसमे 17 को अंडर 14 एवम अंडर 16 आयु वर्ग के बालक / बालिका खिलाड़ियों का प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 130 बालक / बालिका खिलाड़ी भाग लिये। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो आगामी जून महीने में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिनका चयन किया गया है, उनका नाम निम्न प्रकार है : **ट्रायथलॉन अ** बालक वर्ग में रुद्र प्रताप खाखा **ट्रायथलॉन इ** में विवेक कुमार ठाकुर **ट्रायथलॉन उ** में सिदार्थ कुमार इसी प्रकार **बालिका वर्ग में ट्रायथलान अ** में सोनाक्षी सिंह **ट्रायथलान इ** में रंजनी कुमारी **ट्रायथलॉन उ** में चांदनी कुमारी।

प्रतियोगिता के अवसर पर संघ के सचिव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर से बेहतर करने की शुभकामनाएं दी। राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले खिलाड़ियों को जिला एथलेटिक्स संघ सम्मानित करेगा। इस अवसर पर सुशील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत, कोशलेश तिवारी, प्रदीप सिंह, रमेश सिंह, नीलकंठ सिंह, संतोष मौर्य, रमाशंकर सिंह, अतुल मिश्रा, अभिषेक, आज्जो सिद्दीकी, राजेंद्र कुजूर, लक्ष्मण आदि उपस्थित थे।

## प्रशासन की अनदेखी: शराबियों का बोलबाला



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के किसान उच्च विद्यालय के चबूतरा व खेल मैदान इन दिनों असामाजिक तत्वों व शराबियों का अड्डा बना हुआ है। जिससे स्कूली बच्चे व शिक्षक काफी परेशान है। विद्यालय परिसर में शाम होते ही शराब पीने वालों की जमात जमा हो जाती है। शराबी नशे की दसा में धुत्त होकर शराबी शराब की खाली बोतल को बगैर डर व भय के वहीं छोड़ देते हैं। जिससे विद्यालय के अगल-बगल शराब की बोतल का अंबार लगा हुआ है। वहीं खेल मैदान में शराब की बोतल को फोड़ देते है। जिससे पूरे मैदान में शराब की बोतल के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं व रोजाना साफ-सफाई करते-करते परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि किसान उच्च विद्यालय का मैदान केवल एक खेल स्थल ही नहीं, बल्कि प्रखंड के लिए खेल-कूद गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है।


**कार्यपालक अभिंयता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।**

**शुद्धि-पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा अन्तर्गत प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या– WRD/MID/KODERMA/**B.D.M.M.S. L.I** दिनांक –15.05.2025 जिसका PR.No.352542 (Minor Irrigation) 25-26*D है, में अंकित Tender Reference No. WRD/MID/KODERMA/**B.D.M.M.S.L.I** के स्थान पर Tender Reference No. WRD/MID/KODERMA/**B.D. /M.M.S. L.I** पढा जाय।

क्रमांक–04 पर अंकित EMD की राशि जो प्राक्कलित राशि का 2 प्रतिशत 235300.00 (दो लाख पैंतीस हजार तीन सौ) के स्थान पर 1 प्रतिशत राशि 117700.00 (एक लाख सत्राह हजार सात सौ) रूपये पढा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| क्रमांक 13 | Helpline Number of e-Procurement Cell | 0651-2491232 |

शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR.NO.352834 Minor Irrigation(25-26):D


# उपायुक्त ने की बलियारी पंचायत के मुखिया को निलंबित करने की अनुशंसा, पंचायत सचिव पर आरोप पत्र गठित

उपायुक्त ने 15वें वित्त की राशि में वित्तीय अनियमितता का आरोप जांचोपरांत सही पाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने कांडी प्रखंड के बलियारी पंचायत की मुखिया चंदा देवी को निलंबित करने की अनुशंसा पंचायती राज विभाग से की है। उनके विरूद्ध 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय अनियमितता बरतते हुए सरकारी राशि के दुरुपयोग करने की आरोप है। मुखिया चंदा देवी की वित्तीय शक्ति भी जब्त करने की कार्रवाई की गयी है।

अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा द्वारा जांचोपरांत तीन वर्ष पूर्व बने नाली की मरम्मति कार्य में अनियमितता बरते जाने की बात सामने आयी है। वहीं डस्टबीन खरीद में 40 डस्टबीन का पैसा निकासी किया गया, जबकि स्थल पर मात्र 25 डस्टबीन ही पाया गया। डस्टबीन खरीदने में 1 लाख 50 हजार रुपए की फर्जी निकासी की बात भी सामने आयी। इसके अतिरिक्त पंचायत में मात्र 15 सिमेन्टेड कुर्सी क्रय कर 25 सिमेंटेड कुर्सी का बिल बनाकर 2 लाख रुपये का फर्जी निकासी किया गया। वहीं 20 चापानल मरम्मति के नाम पर 2 लाख रुपए की निकासी किया गया, जबकि जाँच के क्रम में ज्ञात हुआ कि एक भी चापानल की मरम्मति हुई ही नहीं है। साथ ही जलमीनार मरम्मति के नाम पर भी 2 लाख की निकासी कर ली गयी है और एक भी जलमीनार की मरम्मति नहीं कराया गया। इस प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा की अध्यक्षता में गठित जांच दल द्वारा 15वें वित्त की राशि का दुरूपयोग करने के कारण बलियारी पंचायत की मुखिया चंदा देवी एवं पंचायत सचिव राजेंद्र राम से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिनका जबाब असंतोषजनक पाया गया। मुखिया के वित्तीय शक्ति जब्त करने के साथ ही दोषी पंचायत सचिव राजेंद्र राम के विरूद्ध आरोप-पत्र गठित करते हुए विभागीय कार्रवाई का संचालन करने का भी आदेश दिया गया।

उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि 15वें वित्त सहित पंचायत में जो भी सरकारी राशि का खर्च हो रहा है, उसमें वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर दोषियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पंचायत में खर्च हो रहे राशि पर विशेष ध्यान रखें ताकि जनहित की योजना में खर्च होनेवाली राशि का किसी भी परिस्थिति में गलत इस्तेमाल न होने पाये। सरकारी राशि में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के भैया बहन 36वें प्रांतीय खेल-कूद समारोह (कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता) में भाग लेने के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली, हजारीबाग रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 20 मई से 22 मई 2025 तक आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम से कुल 9 भैया प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनका नेतृत्व संरक्षक आचार्य मनोज कुमार करेंगे। साथ ही निर्णायक की भूमिका में आचार्य अजय सिंह भी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। ये सभी खिलाड़ी कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे और विद्यालय का गौरव बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्ण उत्साह एवं जोश के साथ रवाना हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर न केवल खेल प्रतिभा दिखाने का है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को 'विजयी भव' का आशीर्वाद देकर विदा किया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**

NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002
e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-02/2025-26
1st Call
e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/02/2025-26 Date:- 19.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/Reconstruction of Road from Chaingarha main raod to Bhurkunda (Sayal more) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Ramgarh District in the State of Jharkhand .*Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 6.35Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 15,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 21.05.2025,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 28.05.2025 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 28.05.2025 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 29.05.2025 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.

PR 352922 Road(25-26)D


# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में चार दिवसीय नि:शुल्क समर कैंप शुरू

आजाद सिपाही संवदादाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में ग्रीष्कालीन अवकाश के दौरान समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को विविध सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने कहा की समर कैंप एक स्वतंत्र अनुभव है। जो बच्चों के चरित्र और जीवन को आकर देता है - एक नियंत्रित और सुरक्षित वातावरण जहां बच्चे सरल चीजों के बारे में अपने स्वयं के निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। समर कैंप में बच्चे अपने बोझिल विषयों से दूर होकर स्वतंत्र रूप से खेल-खेल की पद्धति में पढ़ाई का आनंद लेते हैं साथ ही मनोरंजन भी करते हैं। समर कैंप बच्चों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अभ्यास करने का मौका देते हैं। वे एक ऐसी जगह का अनुभव करते हैं जो सुखद यादें बनाने और आत्म अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन की गयी है। जो बच्चे समर कैंप में भाग लेते हैं उनकी शारीरिक फिटनेस के साथ सोशल स्किल भी अच्छी हो जाती है। इस दौरान समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, विरेंद्र शाह, विकास कुमार, कृष्ण कुमार, ऋषभ श्रीवास्तव, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, पूजा प्रकाश, रागनी, शिवानी , संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.com



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा**
**रॉची-पटना रोड, समाहरणालय भवन, कोडरमा- 825410**
**E- mail - Koderma.mdm@gmail.com**

**-: आवश्यक सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के संयुक्त सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रॉची के पत्रांक 651 दिनांक 15.05.2025 विभागीय संकल्प संख्या 2093 दिनांक 06.08.2019 यथा संशोधित अधिसूचना संख्या 1556 दिनांक 08.06.2022 एवं अधिसूचना संख्या 1522 दिनांक 14.05.2025 के क्रम में राज्य के सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक / प्रधानाध्यापक के अन्तर जिला स्थानान्तरण के लिए समय–सीमा निम्नवत् निर्धारित की गई है, जिसकी सूचना जिला के अधिकारिक बेवसाईट **koderma.nic.in** पर अपलोड है:–

| | |
|---|---|
| शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की तिथि | दिनांक 19.05.2025 से 14.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा ऑनलाईन आवेदनों का सत्यापन | दिनांक 20.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा स्थापना समिति का अनुमोदन एवं राज्य स्तरीय समिति के लॉगिन पर ऑनलाईन अग्रसारण | दिनांक 21.06.2025 से 05.07.2025 तक |

निदेश दिया जाता है कि निर्धारित समयावधि के अन्दर Teacher Transfer portal के माध्यम् से आनॅलाईन आवेदन करना सुनिश्चित करेगें। ऑनलाईन आवेदन का लिंक **http://teachertransfer.jharkhand.gov.in** में आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक निदेश उपलब्ध है।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा

PR 352859 School Education and Literacy (25-26)_D


# आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव का दसवां वार्षिकोत्सव मनाया गया

# अच्छी शिक्षा और संस्कार ही व्यक्ति के जीवन को दिशा देता है : अलखनाथ

मेधावी छात्रों को भी किया गया सम्मानित

ग्रामीण बच्चों के भविष्य सवारने में अहम भूमिका निभा रहा है आरके पब्लिक स्कूल : एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** मझिआंव नगर पंचायत अंतर्गत ऊंचरी गांव स्थित आरके पब्लिक स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आरके पब्लिक स्कूल, ऊंचरी मझिआंव के छात्र-छात्राओं ने जिस प्रकार से विभिन्न शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऊंचरी जैसे ग्रामीण और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र से निकलकर विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि मन में सच्ची लगन, निरंतर मेहनत और उचित मार्गदर्शन हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध स्मार्ट क्लास, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकगण और प्रशासनिक प्रतिबद्धता को ग्रामीण शिक्षा के लिए एक आदर्श मॉडल बताया।

स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि विद्यालय की स्थापना के समय से ही अनुशासन, गुणवत्ता और संस्कारयुक्त शिक्षा हमारी प्राथमिकता रही है। आज स्कूल के छात्र-छात्राएं देश-विदेश में विभिन्न प्रतिष्ठित क्षेत्रों जैसे कि आईपीएस, आईएएस, मेडिकल, इंजीनियरिंग, सेना और शिक्षा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही व्यक्ति के जीवन को दिशा देते हैं। समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है, और आरके पब्लिक स्कूल इस दिशा में प्रेरणादायक कार्य कर रहा है।

**मुख्य आकर्षण रहा मेधावी छात्रों का सम्मान :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों प्रीति कुमारी, बादल कुमार एवं आकर्षि प्रिया को एसडीओ श्री संजय पाण्डेय द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मान मिला।

इस अवसर पर कृष्ण मुरारी पांडेय (वैज्ञानिक), बीएसकेडी पब्लिक स्कूल गढ़वा के निदेशक संजय सोनी, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल गढ़वा के निदेशक मदन प्रसाद केसरी, जेपीएस पब्लिक स्कूल गढ़वा के निदेशक चंद्र भूषण सिंहा, डॉ. अजय पाण्डेय, डॉ. आलोक कुमार तिवारी, देवेंद्र पाण्डेय (बच्चा पांडेय), बिपिन सिंह, विजयकांत चौबे, मोजुबुद्दीन खान, संतोष पांडेय, अनुप पांडेय (प्राचार्य), धीरज कुमार, एंकर- देवेंद्र सिंह, सहेला खान सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थी थे।

## खेल को बनायें अपना जुनून:अलखनाथ



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में दस दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, सचिव आनंद सिन्हा, मुजीबउद्दीन खान संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे पंकज सोनी और मनोज कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि टेबल टेनिस खेल में जिले के लोगों ने बड़ा सपना देखा है और उस सपने को पूरा करना आप सभी खिलाड़ियों की जिम्मेवारी है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि समर कैंप का आयोजन संघ की ओर से किया गया है। समर कैंप वह अवसर है जहां आप अपने छुट्टी का बेहतर लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समर कैंप के माध्यम से आपको टेबल टेनिस की तकनीकी की जानकारी दी जायेगी, जिसका आप लाभ उठाए।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA** Annexure 1

**Very Short e-Procurement Tender Notice, (3rd Call)**

Tender Reference No: - SPUF/MID/KODERMA/F2-04/2025-26

Letter no: -403 Date: - 19.05.2025

**Details of Works:-**

| Sl. No. | Name of Block | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Jainagar | Construction of P.C.C Road from Panchayat-Naitand to Village-Katahi Under Jainagar Block | 24.954 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 21.05.2025 at 11:00 A.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 26.05.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 26.05.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 28.05.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: -1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR 352836 Minor Irrigation(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 मई, 2025
www.azadsipahi.in
08

## बीडीओ और सीओ ने किया पेरवाघाघ का दौरा सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों के साथ की बैठक



खूंटी (आजाद सिपाही)। रांची स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) के छात्र डॉ अभिषेक माइकल खलखो की रविवार को झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पेरवाघाघ में डूबने से हुई मौत की घटना के बाद पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा, अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा और पर्यटन पदाधिकारी ने सोमवार को पेरवाघाघ का दौरा किया। बीडीओ और सीओ ने ग्रामीणों और पर्यटन मित्रों के साथ बैठक कर जल प्रपात में विशेष सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। बैठक में बीडीओ नवीन चंद्र झा ने कहा कि पेरवाघाघ के सभी खतरनाक स्थलों को चिह्नित कर दिया गया है। और पर्यटकों से उन स्थानों पर न जाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पेरवाघाघ राज्य के सबसे प्रमुख पर्यटन स्थलों में एक है। इसके कारण सालों भर सैलानियों का यहां आना-जाना लगा रहता है। पर्यटन मित्रों को निर्देश दिया कि जल प्रपात के पास हर दिन कम से कम दो पर्यटन मित्र तैनात रहेंगे और किसी भी आपात्त स्थिति में सैलानियों की मदद करेंगे और मामले की जानकारी प्रशासन को देंगे। बीडीओ ने कहा कि पर्यटको की भी जिम्मेवारी है कि वे सफरक्षा व्यवस्था के मानकों और निर्देशों का पूरा पालन करें। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर किसी प्रकार के नशे का सेवन न करें और घूमने-फिरने का पूरा आनंद लें।

## बोलेरो के धक्के से भाजपा गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष की मौत



फाइल फोटो रामध्यान सिंह और उनके आवास पर जुटे अन्य।

खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा-गोविंदपुर रोड पर जरियागढ़ थाना क्षेत्र तिलमी चौक के पास सोमवार शाम को एक बोलेरो ने भाजपा गोविंदपुर मंडल के अध्यक्ष रामध्यान सिंह (60 वर्ष) को ठोकर मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। हालांकि स्थानीय लोग उन्हें कर्रा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये और बाद में पारस अस्पताल धुर्वा ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक रामण्यान सिंह का शव पारस अस्पताल में ही था। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। कड़िया मुंडा सहित कई लोगों ने जताई संवेदना। भाजपा नेता रामध्यान सिंह के आकस्मिक निधन पर पूर्व सांसद पद्मभूषण कड़िया मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, भाजपा नेता काशीनाथ महतो, संतोष जायसवाल, मनोज कुमार, अनूप साहू, संजय साहू, जितेंद्र कश्यप, नारायण साहू, प्रियांक भगत सहित कई लोगों ने संवेदना प्रकट की है।

## बाइक लूट के आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल लूट के अप्राथमिक अभियुक्त सारीख अहमद के बरियातु थानांतर्गत एदलहातु टीओपी क्षेत्र स्थित घर पर इस्तेहार चिपकाया गया। खलारी के महावीरनगर निवासी संदीप केशरी की टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल 20.04.2024 की रात लूट ली गयी थी। दर्ज प्राथमिकी के पुलिस अनुसंधान में सारीख अहमद घटना में आरोपी पाया गया। न्यायालय रांची द्वारा इस्तेहार निर्गत किया गया है। खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो के निर्देश पर पुअनि शंकर राम ने बरियातु थाना (एदलहातु टीओपी) के सहयोग से सोमवार को इस्तेहार चिपकाया। इस मौके पर बरियातु थाना के सअनि मुकेशकुमार साह भी मौजूद थे।05

## कांग्रेस चतरा जिला महासचिव ने की सीसीएल सीएमडी से मुलाकात



सीएमडी से मुलाकात करते अब्दुल कुदूस।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव सह बचरा निवासी अब्दुल कुदूस ने सोमवार को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने फूलों का गुलदस्ता देकर सीएमडी एनके सिंह का स्वागत किया। इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिसमे मुख्य रूप से रोजगार, शुद्ध पेयजल, आवासीय कॉलोनी की साफ सफाई,कॉलोनी व चौक चौराहा में सीसीटीवी कैमरा लगाने, ठेका प्रथा सहित अन्य समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। समस्या सुनने के बाद सीएमडी एनके सिंह ने इसके समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी में जिला स्तरीय राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी में सोमवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14 अंडर 17 बालक-बालिका की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता, उप विजेता तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत किया गया। अंडर 14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदारी को मला। दूसरा स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय ममरला और तृतीय स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय अनिगड़ को मिला। अंडर 14 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुरहू, द्वितीय स्थान पीएम श्री कस्तूरबा गांधी विद्यालय कालामाटी, तृतीय स्थान पर संत अन्ना गर्ल्स स्कूल तोरपा की टीम रहीं। अंडर 17 बालक वर्ग में प्रथम स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय भंडरा, द्वितीय स्थान लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय मुरहू तृतीय स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय अनिगड़ा को मिला। अंडर 17 बालिका वर्ग प्रथम स्थान पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुरहू द्वितीय स्थान सीएम वम गर्ल्स स्कूल खूंटी तृतीय स्थान उत्क्रमित विद्यालय घाघरा की टीम रही। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खूंटी जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी तथा शारीरिक शिक्षकों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# चार लाइनमैन को ग्रामीणों ने बिजली तार चोर समझ कर पुलिस को सौंपा

### मुरहू में 20 घंटे से विद्युतापूर्ति ठप, ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** बिजली आपूर्ति में आई खराबी की खोज में निकले मुरहू विद्युत सब स्टेशन के चार निजी लाइनमैन को तोरपा थाना क्षेत्र सोनपुरगढ़ के ग्रामीणों ने बिजली चोर समझ कर पकड़ दिया और लाइनमैन के लाख समझाने के बावजूद गांव वालों ने उसे तोरपा थाने की पुलिस को सौंप दिया। हालांकि लाइनमैन की पहचान किये जाने के बाद थाने से उसे छोड़ गया। जानकारी के अनुसार रविवार को शाम लगभग चार बजे के बाद आये आंधी-पानी के कारण मुरहू इलाके में अचानक बिजली गुल हो गयी। इसका कारण 33 हजार वोल्ट की लाइन में आई तकनीकी खराबी बताया गया। बिजली बहाल करने के लिए मुरहू विद्युत सब स्टेशन के लाइनमैन जब मरम्मत कार्य के लिए निकले, तो उन्हें फॉल्ट तोरपा थाना क्षेत्र के सोनपुरगढ़ के पास मिला। रात हो चुकी थी, लेकिन लाइनमैन पोल पर चढ़कर मरम्मत करने लगे। उसी दौरान ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझ कर पकड़ लिया और थाने को सुपुर्द कर दिया। चारों लाइनमैन ने बार-बार अपनी पहचान बताने और सब स्टेशन से आए होने की बात समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों को यकीन नहीं हुआ। देखते ही देखते सोनपुर गढ़ समेत आसपास के गांवों के लोग जुट गये और सभी लाइनमैन को बंधक बना लिया गया। ग्रामीणों ने तोरपा पुलिस को भी सूचना दी कि उन्होंने बिजली तार चोरों को पकड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी लाइनमैनं को अपने साथ थाना ले गयी। जांच के बाद स्पष्ट हुआ कि वे सब स्टेशन के कर्मचारी हैं, तब जाकर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उन्हें छोड़ा गया। लाइनमैन का आरोप है कि गांव वालों ने उनके तीन मंहगे प्लास, दो हैंड ग्लब्स और तीन जोड़ी सीढ़ियां जब्त कर ली हैं, जिससे उनके पास अब मरम्मत के औजार नहीं हैं। घटना के बाद से मुरहू में रविवार शाम चार बजे ब्लैकआउट की स्थितिं है। मामले की पुष्टि करते हुए खूंटी के कार्यपालक विद्युत अभियंता जेम्सयस कुजूर और तोरपा कें थाना प्रभारी मुकेश हेंब्रम ने कहा कि गलतफहमी में यह घटना हुई है। उन्होंने कहा कि इससे इतना तो साबित हो गया कि क्षेत्र की जनता बिजली तार की चोरी के खिलाफ जागरूक है। कार्यपालक विद्युत अभियंता ने कहा कि मुरहू में बिजली आपूर्ति सामान्य हो जायेगी।

**ग्रामीणों की अति सक्रियता से बढ़ी मुसीबत :** बिजली नहीं रहने से मुरहूवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रातभर लोग गर्मी और मच्छरों से जूझते रहे। अधिकांश लोगों के मोबाइल भी बंद हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि सोनपुंरगढ़ के ग्रामीणों की अतिसक्रियता से मुरहू के लोगों की मुसीबत बढ़ा दी हे। इधर, नागरिकों ने बिजली विभाग से प्राइवेट लाइनमैन को पहचान पत्र देने की मांग की है।

# अवैध बालू खनन और ढुलाई को लेकर देवेंद्र नाथ महतो ने डीजीपी को सौंपा मांग पत्र

**सिल्ली, सोनाहातू, राहे, बुंडू, अनगड़ा, कांके, ईचागढ़ क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू ढुलाई रोक का मामला पुलिस मुख्यालय तक पहुंचाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** अवैध बालू खनन/ढुलाई का मामला तुल पकड़ते जा रहा है। मंगलवार को जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन। देवेंद्र नाथ महतो ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से रांची क्षेत्र के सिल्ली, सोनाहातू, राहे, बुंडू, कांके, ईचागढ़ समेत सम्पूर्ण प्रदेश में अवैध बालू पत्थर खनन व ढुलाई पर रोक लगाने का मांग किया। डीजीपी को ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया गया कि रांची क्षेत्र के सिल्ली, सोनाहातु, राहे, बुंडू, अनगड़ा, कांके, ईचागढ़ समेत संपूर्ण झारखंड प्रदेश में अवैध खनन और ढुलाई धड़ल्ले से हो रही है। संबंधित कई अप्रिय घटनाएं देखने को मिल रही है। राज्य का राजस्व में भारी नुकसान और पंचायत के अधिकार का हनन हो रहा है। तथा प्राकृतिक अस्तित्व में खतरा भी मंडरा रहा है। साथ ही देवेंद्र द्वारा यह भी जानकारी दिया कि हमारे संगठन द्वारा अवैध खनन बंद करो अभियान के तहत उक्त क्षेत्रों में कई बार संवैधानिक आंदोलन के माध्यम से अवैध खनन और ढुलाई को रोका है तथा विभागीय अधिकारीयों को कानूनी कार्रवाई हेतु अवगत भी कराया है। हमारे द्वारा दिनांक 07/03/2025 को निदेशक, खनन विभाग झारखंड को अवैध बालू /पत्थर खनन का संपूर्ण जानकारी देते हुए रोकने का मांग किया था। जिसकी प्रतिलिपि रांची जिला पदाधिकारी - खनन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग और उपायुक्त महोदय को भी दिया था जिसके आलोक में 21/03/2025 को सिल्ली थाना क्षेत्र में अवैध बालू ढुलाई की जांच करने हेतु रांची सदर अनुमंडलीय पदाधिकारी, रांची जिला अवैध बालू ढुलाई/खनन पर रोक लगाने हेतु डीजीपी अनुराग गुप्ता के समक्ष निम्नलिखित मांग किया गया।

1. स्पेशल टास्क फोर्स गठन कर प्रतिदिन संध्या 06:00 बजे से रात्रि 02:00 बजे तक बालू उठाव क्षेत्र में कड़ी निगरानी किया जाय।
2. बुंडू टॉल प्लाजा, अनगड़ा ब्लॉक परिसर, बुढ़मू ब्लॉक परिसर और चांडिल टॉल प्लाजा के समीप अनिवार्य रूप से मैजिस्टेड ड्यूटी लगाकर अवैध बालू ढुलाई करने वालों पर करवाई किया जाये।

# भाजपा ने पिपरवार में निकाली तिरंगा यात्रा

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी प्रकट की, भारतीय सेवा का बढ़ाया गया मनोबल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम और साहस से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के द्वारा सोमवार को बचरा मे तिरंगा यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। जानकारी के अनुसार बचरा पीपल चौक से तिरंगा यात्रा की शुरूआत की गई,जिसमे लोग हाथों मे तिरंगा झण्डा लेकर पैदल मार्च किया। यह तिरंगा यात्रा बचरा बाजारटांड़, बैंक मोड़, थाना चौक, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड होते हुए बचरा चार नंबर चौक पहुंचा,जहां पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने कहा कि देश के वीर जवानों की शौर्य, ऊर्जा पराक्रम एवं वीरता, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और प्रधानमंत्री की कुशल दृढ़ संकल्प नेतृत्व और भारतीय सेना का पराक्रम पाकिस्तान में घुसकर सीने पर वार कर कई आतंकियों को मार कर पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की देश का हर नागरिक भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा रहा है। इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, लक्ष्मण कुमार मंडल, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, गिरिजा प्रसाद, सुखी गंझु, धनराज भोक्ता, सुनील, अनिल पांडेय, अरुण सिंह, अर्जुन सहित काफी संख्या में भाजपा और आजसु के कार्यकर्ताओं के अलावा स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सम्मान समारोह का आयोजन



**सीसीएल की लाल-लाडली परीक्षा और सीबीएसइ दसवीं परीक्षा के सफल बच्चों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के दो मेधावी छात्र-छात्राएं अमृतांशु आर्य और सृष्टि केसरी का चयन सीसीएल द्वारा आयोजित लाल-लाडली सम्मान परीक्षा में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन कर दोनों विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर और सम्मान पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या डॉ आर चौधरी ने दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। विशेष रूप से 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र अमृतांशु आर्य जो विद्यालय के साथ-साथ पिपरवार क्षेत्र का नाम रोशन किया, उन्हें प्राचार्या ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। अमृतांशु, विद्यालय के शिक्षक राकेश कुमार के सुपुत्र हैं। इसके अलावा सीबीएसई दसवीं परीक्षा में सफल सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय समर कैंप का समापन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सोमवार को पांच दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। समर कैंप के समापन के मौके पर इसमें शामिल सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार पांच दिवसीय इस समर कैंप में स्कुल के कई बच्चों ने चित्रकारी, नृत्य, मिट्टी के बर्तन बनाना,आत्म रक्षा के लिए जूडो-कराटे, खेलकूद, योग - मेडिटेशन आदि सीखा। इस संबंध मे विद्यालय की प्राचार्या डॉ आर चौधरी ने कहा कि पांच दिवसीय समर कैंप का सफलता पूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर स्कुल ने सभी शिक्षक व शिक्षिकाऐ सहित बच्चे उपस्थित थे।

## एफसी परासी ने डीटी तमाड़ को 3-1 से हराया



तमाड़ (आजाद सिपाही)। फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 42वां मैच एफ सी परासी और डीटी तमाड़ के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। एफसी परासी के ओर से सुनील मुंडा 38वें और धनसिंह मुंडा ने 60वें मिनट पर एक -एक गोल किया। डीटी तमाड़ की और से मिलन हांसदा के द्वारा 75वे मिनट पर एक मात्र गोल कर जीत का अंतर को कम किया। डीटी तमाड़ के मुकेश मुंडा द्वारा 82वे मिनट पर आत्मघाती गोल कर परासी एफ सी को तीन -एक का जीत दिला दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुनील मुंडा को प्रेम पूर्ति ने सम्मानित किया। मैच का संचालन करम मुंडा, निशांत भेंगरा गोखेन मुंडा और महावीर पुराण ने किया। इस अवसर पर हरीश चंद्र मुंडा, हीरालाल दास, राजेश मुंडा, रामेश्वर मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा जॉन कमल, लखिनरायण मुंडा के अलावे कई मौजूद थे।

## सोनाहातू थाना में मारपीट का मामला दर्ज

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू थाना क्षेत्र के सिंह पोल्ट्री फार्म के स्टाफ को 17 मई की रात गाली गलौज और मारपीट करते हुए पोल्ट्री फार्म बंद करने की धमकी दी गयी। इस संबंध में पोल्ट्री फार्म के संचालक दिनेश सिंह सोनाहातू थाना में ओमप्रकाश महतो निर्मल महतो बसंत महतो और अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। प्राथमिक के अनुसार दिनेश सिंह जो प्रगति बिहार पटना के निवासी हैं, वे पिछले 2 साल से मुर्गी पोल्ट्री फार्म चला रहे हैं। 17 मई की रात लगभग दस बजे पोल्ट्री फार्म के स्टाफ आदित्य राज और दामाद जी आनंद अभिषेक बारेंदा चौक से खाना खाकर लौट रहे थे इस दौरान गोदाम के पास अभियुक्तों ने ओवरटेक कर गाड़ी रुकवा दिया और मारपीट गाली गलौज किया, फिर फार्म हाउस घुसकर स्टाफ को मारपीट कर घायल कर दिया और फॉर्म को बंद करने की धमकी दी। इस संबंध में सोनाहातू थाना में मामला दर्ज किया गया।

## धुर्वा मोड बुंडू के पास बने फ्लाईओवर के नीचे दुकान लगाने से अक्सर रहता है जाम



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के मुख्य चौक धुर्वा मोड बुंडू के पास बने फ्लाई ओवर के नीचे अवैध रूप से दुकान दोनों ओर लगा देने से अक्सर जाम लगी रहती है। इसी रास्ते पर बुंडू तमाड़ जाने वाली बसें भी लगी रहती है और यात्रियों की भीड़ के कारण रास्ता जाम हो जाता है, जिससे आम लोगों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ये रोड सोनाहातु-राहे-सिल्ली होते हुए बंगाल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। साथ ही सोनाहातु-राहे से आने वाले मरीजों के एंबुलेंस भी जाम में फसती है। ऐसे में मरीजों के साथ उनके परिवार वालों को भी काफी कठिनाइयां होती है। कुछ माह पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी नगर पंचायत के नगर प्रशासक को साथ लेकर बुंडू को अतिक्रमण मुक्त करने निकले थे, जिसमें कई लोगों को जुर्माना और नोटिस दिया गया था, लेकिन यह एक दिखावा ही रह गया। लोगों को प्रशासन का किसी प्रकार का भय नहीं है।

## भीषण गर्मी को देखते हुए प्याऊ का उद्घाटन

मुरी (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी सम्मेलन सिल्ली शाखा के सौजन्य से मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में एक अस्थाई प्याऊ का उद्घाटन लूपूंग पंचायत की मुखिया सीमा कुमारी पुजारी कृष्ण कुमार मिश्रा ने किया। यह प्याऊ अगले दो महीने तक चलेगा। इस मौके पर अध्यक्ष दुर्गा अग्रवाल, सचिव राम गोपाल केडिया, सह सचिव अमर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, अरूण जालान, प्रकाश, सैंकी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## रैयत विस्थापितों ने की रोहिणी परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात



खलारी (आजाद सिपाही)। तुमांग के रैयत विस्थापितो ने रोहिणी के नये परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार से मुलाकात किया। सबसे पहले नए पीओ का बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। साथ ही परियोजना पदाधिकारी बनने पर बधाई दी गयी। विस्थापितों ने कहा कि नये परियोजना पदाधिकारी से रैयत विस्थापित की समस्याओं पर ततपरता से पहल करेंगे। साथ ही रैयत विस्थापित के मुआवजा, रोजगार, विस्थापन और पुनर्वास सहित खदान में कंट्रोल ब्लास्टिंग व मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक पहल किया जाय। परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि रैयत विस्थापित के सहयोग से ही खदान आगे चल रहा है। प्रबंधन भी रैयत विस्थापित की समस्याओं के प्रति गंभीर है और पूरी तेजी के साथ विस्थापित के समस्याओं के निदान के कार्य को आगे बढ़ाने में लगा हुआ है। रैयत विस्थापित की हर समस्या पर सकरात्मक पहल किया जायेगा। इस मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया उपाध्यक्ष अमृत भोगता, पूर्व मुखिया मुकद्दर लोहरा, रमेशर भोगता, शिवनाथ भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा सहित कई लोग मौजूद थे।

## तमाड़ में आज निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड में मंगलवार को 3:30 बजे रायडीह चौक से तमाड़ कोठारी चौक होते हुए तमाड़ खुंटी रोड से डोड़ेया मोड़ होते हुए पुनः रायडीह चौक तक 'तिरंगा यात्रा' कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ भारत सरकार द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के निमित्त भारतीय सेना के जाबांज सेनानियों ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को मिट्टी में मिलाने के साथ ही भारत को गौरवान्वित करने का काम किये हैं। इन्हीं भारतीय सेनाओं के सम्मान और भारतीय नागरिकों की एकता को बरकरार रखने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। अतः आप सभी भारत माता के सच्चे सपूतों से आग्रह है कि मंगलवार को होने वाले तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाते हुए भारतीय सेना के मनोबल को नयी उर्जा देने का काम करेंगे।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर क्षेत्र के मिलन मंदिर और महावीर मंदिर के सामने ट्रांसफार्मर खराब होने से तीन दिनों से लोग अंधेरा में रहने को विवश हैं। इन दोनों जगहों पर बिजली नहीं होने से 250 घरों से अधिक घरों में अंधेरा छा गया है। इस भीषण गर्मी में नगर क्षेत्र के लोग परेशानी में है। काली मंदिर चौक निवासी रोहन कुमार ने बताया कि हर साल गर्मी महीने में ट्रांसफार्मर खराब होते रहता है। इन दोनों ट्रांसफार्मर पर सबसे अधिक लोड रहता है। ऐसी स्थिति में बुंडू बाजार के आस पास नया जगह चिन्हित कर नये ट्रांसफार्मर लगाने की बातें कही। ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना बिजली विभाग को दे दी गयी है। वहीं नगर क्षेत्र के लोगों ने ट्रांसफार्मर नया लगाने की मांग की है।

## गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य एवं मातृत्व सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शालिनी अस्पताल में प्रसव-पूर्व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा, समय पर चिकित्सा जांच, परामर्श तथा जरुरी औषधियां उपलब्ध कराना है। शिविर में पंजीकृत सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई। जिसमें मुख्य रूप से रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, वजन और अन्य आवश्यक जांच शामिल थे। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान विशेष सावधानियां बरतने, पौष्टिक आहार, मानसिक स्वास्थ्य एवं प्रसव की तैयारियों से संबंधित आवश्यक जानकारियां एवं परामर्श भी दिए गए। चिकित्सकीय परामर्श के बाद महिलाओं के बीच उनकी आवश्यकतानुसार आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन पाउडर एवं अन्य आवश्यक दवाईयां निःशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर शालिनी अस्पताल के चिकित्सक डॉ अमन सैंकी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर मां और उसका बच्चा सुरक्षित और स्वस्थ रहे। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समय पर जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं मिलती है। वहीं, अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित और स्वस्थ मातृत्व का अधिकार मिले। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम समाज के उन वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं जो अक्सर वंचित रह जाते हैं। हम आगे भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करते रहेंगे। लाभार्थी महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए उषा मार्टिन फाउंडेशन एवं शालिनी अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शालिनी अस्पताल के शिशिर कुमार भगत, अजित महतो, सम्पूणार्नंद महतो, मोहरनाथ, रंगलाल, देवेंद्र पाहन, सुनीता एक्का सहित अन्य का योगदान रहा।

## रांची खड़िया महासभा की नयी कार्यकारिणी का गठन, कुलभूषण डुंगडुंग को चुना गया अध्यक्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची खड़िया महासभा की 2025 की वार्षिक आमसभा सोमवार को हुई। जिसमें संगठन की नई कार्यकारी समिति का गठन किया गया। सभा की कार्यसूची के अनुसार पूर्व कमेटी का कार्यकाल पूरा होने के बाद नियमानुसार नई समिति के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चुनाव संचालन की जिम्मेदारी डॉ योतम कुल्लू को सौंपी गई, जिन्हें निर्वाचित अधिकारी नामित किया गया था। नई कार्यकारिणी समिति में कुलभूषण डुंगडुंग अध्यक्ष, ग्रुप कैप्टन अल्बर्ट बा उपाध्यक्ष, मगला कुल्लू को महासचिव और अजीत कुल्लू को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं, प्रदीप बिलुंग और वासुदेव भगत को उपकोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त, सीरिल इंदवार को सचिव और मरियानूस को उपसचिव नियुक्त किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग ने कहा कि खड़िया समुदाय को आज जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उनका समाधान मिलकर और संगठित होकर ही संभव है। कहा कि नई कार्यकारिणी समिति के पीछे पूरे खड़िया समुदाय का समर्थन अत्यंत आवश्यक है। कहा कि झारखंड एक आदिवासी राज्य है और खड़िया जनजाति राज्य की पांच प्रमुख जनजातियों में से एक है। ऐसे में खड़िया समाज, उसकी संस्कृति और भाषा को राज्य में उचित नहीं, बल्कि प्रमुख स्थान मिलना चाहिए और यह स्थिति दृश्य रूप में सामने आनी चाहिए।

## रामकृष्ण मिशन ने पूर्व सैनिकों के लिए शुरू किया डायरी, पोल्ट्री और गोटरी कौशल विकास कार्यक्रम




**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** रांची के रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यायन केवीके ने पूर्व सैनिकों के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्वास महानिदेशालय की ओर से प्रायोजित और सहयोग से आयोजित की गयी। इसमें सेना और वायुसेना के 21 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अप्रैल से शुरू हो चुका है, जो 20 जून तक चलेगा। इसमें डिजिटल मार्केटिंग पर एक अग्रणी प्रौद्योगिकी उन्मुख केंद्रित कार्यक्रम भी आयोजित होगी। इस कड़ी में सोमवार को कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन, ग्रामीण समुदाय के लिए छोटे उद्योगों में रणनीतिक डिजिटल मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और आइटी अनुप्रयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी है। रांची रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भवेशानंद महाराज ने आशीर्वाद दिया। उन्होंने दिव्यायन केवीके की भूमिका, इस तरह की गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण और मजबूती में रामकृष्ण मिशन की शानदार भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रांची नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय के उप महाप्रबंधक भी शामिल हुए। उन्होंने नबार्ड की भूमिका के बारे में बात की और इस तरह की विकासात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया। वहीं, पटना एफएमसीजी डिजिटल मार्केटिंग के विशेषज्ञ मनोज अंबष्ट, पूर्व जीएम बीएसएमडीसी लिमिटेड और निर्देशक (सेवानिवृत्ति) खान और भूविज्ञान बिहार डॉ अजीत सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख केवीके ने इस विकास क्षेत्र में केवीके के महत्वपूर्ण पहलुओं और योगदान पर बात की। वहीं, पूर्व वैज्ञानिक दीपक श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। इसी कड़ी में दिव्यायन केवीके ने डेयरी, पोल्ट्री और बकरी पालन के लिए समर्पित तीन सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। प्रशिक्षुओं द्वारा बजार के विकास और उस पर कब्जा करने पर ध्यान देना प्रार्थमिकता है। विदित हो कि यह कृषि विज्ञान केंद्र देश के सबसे पुराने और सर्वश्रेष्ठ केवीके में से एक है। दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र को आइसीएआर नयी दिल्ली द्वारा 1996-97 और 2016-17 की अवधि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ केवीके के रूप में और 2016-17 की अवधि की दौरान जोनल स्तर पर सम्मानित किया गया था।

# टेंपो-बाइक की भिड़ंत में एक की मौत

## एक अन्य गंभीर, आक्रोशित लोगों ने किया थाना का घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** थाना क्षेत्र के जिदू गांव स्थित ईंट फैक्टरी के समीप सोमवार को मालवाहक टेंपो और बाइक के बीच टक्कर हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान मुख्तार अंसारी (40) के रूप में हुई है। जबकि घायल का नाम जमील अंसारी (18) है। दोनों पिठोरिया थाना क्षेत्र के ईचापीड़ी पंचायत के नवाटोली के रहने वाले हैं, जो रिश्ते में पिता-पुत्र है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मालवाहक गाड़ी पिठोरिया से उरुगुट्टू और बाइक सवार उरुगुट्टू से अपने घर लौट रहा था। सभी दोनों के बीच भिड़ंत हो गयी। उधर, हादसे से आक्रोशित इंचापीड़ी के लोगों ने पिठोरिया थाना का घेराव कर मालवाहक गाड़ी और चालक की तलाश के साथ ही मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। इस पर थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि रविवार रात घटना की सूचना मिलते ही दोनों घायलों को इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेजा गया। वहीं, एनुअल हक अंसारी ने बताया कि मृतक का परिवार अत्यंत गरीब है। पूरे परिवार का भरण पोषण करने वाले पिता-पुत्र ही थे। उनके दो पुत्र और दो पुत्री है। जिसमें एक गंभीर अवस्था में रिम्स अस्पताल में भर्ती है। दूसरी ओर, पिठोरिया पुलिस द्वारा हादसे के लिए जिम्मेदार मालवाहक गाड़ी को कब्जे में लेने और उचित कानूनी कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद थाने का घेराव खत्म किया गया।

## फरार आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे एक आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष थाना क्षेत्र के सोसो गांव में एक दुकानदार से बाइक सवार दो अपराधी हथियार के साथ लेवी वसूलने पहुंचे थे। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों ने एक अपराधी को देसी कट्टा के साथ दबोच लिया गया, जबकि दूसरा फरान होने में कामयाब हो गया था। पिठौरिया थाना कांड संख्या 100/24 (आर्म्स एक्ट) में फरार चल रहे अभियुक्त आशीष महतो उर्फ आशीष राम को खूंटी जिले के साकिन तोरपा रोड कर्मटाड़ (पीपल चौक) स्थित घर से रविवार की रात थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## लाइनमैन की पत्नी को मिला ढाई लाख रुपये का चेक



लाइनमैन की पत्नी संगीता को ढाई लाख रुपये का चेक देते जैलेंद्र कुमार और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** मृत लाइनमैन नागेश्वर बेदिया (26) की विधवा संगीता देवी को संवेदक जय माता दी कंस्ट्रक्शन ने गेतलसूद के जाराटोली स्थित घर जाकर मुआवजे का बाकी दो लाख 50 हजार रुपया राशि का भुगतान चेक से किया। इस तरह कुल तीन लाख रुपया का मुआवजा भुगतान किया गया। बतातें चलें कि 16 मई को गेतलसूद के जाराटोली निवासी लाइनमैन नागेश्वर बेदिया की मौत चड़री बाजार महिलोंग (नामकुम) में बिजली पोल से गिरकर हो गयी थी। भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार मुआवजा राशि के भुगतान को लेकर लगातार संवेदक जय माता दी कंस्ट्रक्शन कंपनी के शतीश कुमार सिंह से संपर्क कर सोमवार को भुगतान कराया। इसके अलावा मृतक की पत्नी संगीता देवी को कंपनी दिहाड़ी मजदूरी का भुगतान करते रहेगी। साथ ही सरकार से मुआवजा राशि दिलाने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर जोन्हा पंचायत समिति सदस्य दिलीप बेदिया, पूर्व मुखिया गौरी शंकर मुंडा, भाजपा नेता रामसाय मुंडा, संजय नायक, अनिल बेदिया, सुबंती देवी, बबीता देवी, मुनी देवी, जीतू बेदिया, आशाराम बेदिया, करमू बेदिया, मनोज बेदिया, संदीप बेदिया, दिना बेदिया, सुरेश बेदिया आदि उपस्थित थे।

## शव दफनाने के विवाद को लेकर बैठक, फैसला सुरक्षित



**इटकी (आजाद सिपाही)।** पेन्टाकोस्टल ईसाइयों के शव के दफनाने को लेकर उत्पन्न विवाद को सुलझाने को लेकर सोमवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता इटकी सीओ ने की। इस दौरान अंचल सभागार में हुई बैठक में कुंदी सहित अन्य गांव की कई अन्य समुदाय के लोग उपस्थित थे। सीओ ने सभी पक्षों की बात और दलीले सुनने के बाद अपना फैसला अगले दो दिनों बाद सुनने का आदेश पारित किया। इस बीच गांव के सभी धर्म के लोगों ने एक स्वर में कहा कि गांव के अलावा कहीं बाहर के लोगों के शवों को गांव में दफनाने नहीं दिया जाएगा चाहे वह कोई भी हो। गौरतलब हो कि पिछले दिनों नगड़ी, बेड़ों, मांडर एवं इटकी के पेन्टाकोस्टल इसाई से जुड़े मृतकों को कुन्दी मे लाकर दफनाया जा रहा था। जिसे ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। बैठक में थाना प्रभारी मनीष कुमार, कुंडी मुखिया फ्रांसिसका केरकेट्टा, अजय मिज, सोमरा तिग्गा, परहाराजा अमन उरांव और बीरा उरांव आदि उपस्थित थे।

## आंधी-तूफान से भारी तबाही, नामकुम के शांतिश्री गली में गिरा पेड़ और ट्रांसफार्मर



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची में रविवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश ने शहर के कई इलाकों में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं और मूसलधार बारिश के चलते जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई घरों को क्षति पहुंची और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडीह चौक स्थित शांतिश्री गली में स्थिति और भी भयावह हो गई, जहां एक विशालकाय पेड़ और ट्रांसफार्मर बीच सड़क पर गिर गया। इस वजह से यहां रहने वाले करीब 15 परिवार अपने-अपने घरों में कैद होकर रह गए है, क्योंकि मुख्य रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। नटराज युवक संघ लोवाडीह के अध्यक्ष प्रदीप साहू और समाजसेवी शिबू पाल ने नगर प्रशासन से अविलंब राहत कार्य शुरू करने और रास्ते से पेड़ एवं ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नही हुई तो कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बिजली आपूर्ति बाधित होने और सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप एवं राहत कार्य की उम्मीद की।

## नगड़ी में विवाहित महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सुगदा गांव में 34 वर्षीय एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार सुगदा गांव की पीड़ित महिला ने नगडी थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। पीड़ित महिला ने बताया कि सोमवार की सुबह 10.30 बजे बकरी चराकर अपने घर वापस लौट रही थी। तभी रास्ते से गांव के ही दो बच्चों के पिता शिव शंकर कच्छप उसका पीछा करने लगा। पीछा करते हुए वह उसके घर तक पहुंच गया। घर में उसे अकेला देख कर उसे दबोच लिया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। हालांकि महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग पहुंच गए और शिवशंकर कच्छप को पकड़ कर पहले उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद गांव वाले नगडी थाना प्रभारी को फोन कर जानकारी दी। फिर मौके पर पहुंची नगड़ी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उसे थाना ले गयी।

## चिंताजनक : कागजों में ही सिमटी हर घर नल-जल योजना

# बेड़ो में खेलने-पढ़ने की उम्र में पानी ढोने को मजबूर नौनिहाल





आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** भीषण गर्मी की तपीस के साथ ही प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। गांवों में चिलचिलाती धूप में ग्रामीण हलक तर करने की जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। आलम यह हो गया है कि खेलने-पढ़ने की उम्र में नौनिहाल अपने कंझों पर किताबों की जगह हांडी-बर्तन में पानी ढोने को मजबूर हैं। छोटे-छोटे बच्चों गावों और सड़कों पर पानी ढोते देखना आम बात हो गयी है। प्रखंड के डोरंडा, चरिमा, बरटोली, पुरियो, नारी, तुको और सेरो सहित कई गावों में ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। पहले बड़े लोग एवं महिलाएं दूरदराज से पानी ढोते थे। पर अब छोटे-छोटे बच्चे भी पानी ढोने को मजबूर हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार गांव की सुध नहीं ले रहे हैं। गांव-गांव विकास और हर घर नल से जल पहुंचाने का दावा करने वाली सरकार के दावे धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार पेयजल व्यवस्था ठीक करने की मांग उठाई जा चुकी है। पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही। मजबूरी में छोटे-छोटे बच्चे दूर से पानी ढोने को मजबूर है। जबकि सरकार हर गांव में नल से जल उपलब्ध कराने का ढिंढोरा पीट रही है। सरकार ने योजना तो चलाई, पर इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। जिम्मेदारों की साठगांठ से यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई और हर घर नल से जल का सपना अधूरा है। प्रखंड के दर्जनों गांव में अब भी नल-जल योजना आधे अधूरे और बंद पड़े है। जिस कारण ग्रामीण जल संकट से जुझ रहे है। पर उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। विभाग और जिम्मेदारों द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है।

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने किया योगाभ्यास



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में सोमवार को ग्रीष्मकालीन शिविर के दूसरे दिन सोमवार को कक्षा एक से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास में भाग लेकर प्राचीन भारतीय परंपरा की महत्ता को समझा। वहीं, नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हें बच्चों ने कला, शिल्प और चित्रकला के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को निखारा। योग के माध्यम से जुड़े प्राचीन इतिहास से प्रधानाचार्य दीपम बनर्जी और उप-प्रधानाचार्य सोनम प्रसाद ने छात्रों को अवगत कराया। बताया कि योग हमारे पूर्वजों की अमूल्य देन है, जो ना केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है। इस दौरान छात्रों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान के विभिन्न आसन सीखे। जबकि, छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे कागज, पेंसिल और रंगों से अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उतारा। कुछ ने मिट्टी के खिलौने बनाए, तो कुछ ने फूल-पत्तियों से सजावटी आइटम तैयार किए। इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षिकाओं संध्या साहू, प्रेमिका लकड़ा, शिवानी कुमारी, सोनम कुमारी और अलमा बारा ने बच्चों को योगासनों और कला के गुण सिखाए। जबकि शिक्षकों ने बच्चों के साथ बैठकर उनकी कृतियों को निखारने में मदद की। कहा कि शिविर का हर दिन बच्चों को नई सीख दे रहा है। हम उन्हें संपूर्ण विकास के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्कूल परिवार का मानना है कि ग्रीष्मकालीन शिविर जैसे आयोजन बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे ले जाकर व्यावहारिक जीवन कौशल सिखते हैं। योग से उनकी एकाग्रता बढ़ती है, तो कला के माध्यम से वे भावनाओं को अभिव्यक्त करना सीखते हैं।

## आजसू कार्यकर्ता की मां का निधन घर पहुंचे सुदेश महतो, दी सांत्वना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे निवासी आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक की मां रुक्मणि देवी का विगत 13 मई को आकस्मिक निधन हो गई थी। इसकी सूचना पाकर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो सोमवार को राजू नायक के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा आजसू परिवार उनके साथ हैं। मौके पर आजसू के वरीय नेता प्रवीण प्रभाकर, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र सिंह भोगता, रांची जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वीणा कुमारी, काशीनाथ महतो, माथुर प्रसाद, बीरबल बैठा, अजीत महतो, प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, किशुन महतो, सबिता देवी, गोवर्धन महतो, अर्जुन राम, धीरज राम, किशन नायक आदि मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 28 से, समिति गठित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सैनिकों के सम्मान में आयोजित होने वाले ऑपरेशन सिंदूर कप क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर टाटीसिलवे स्थित ईईएफ मैदान में बैठक हुई। जिसमें टूर्नामेंट की तैयारी और आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए एक आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमें पंकज कुमार मिश्रा अध्यक्ष, राकेश कुमार सिंह सचिव और पूर्व कर्नल बीके सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, आकाश कुमार सिंह उर्फ मंटू उपाध्यक्ष, डॉ मधुसूदन पांडे सहसचिव, नागेश्वर महतो उपकोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी राजेश मिश्रा, जबकि संयोजक मंडली में वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा, संतोष सिंह और मुकेश कुमार महतो को शामिल किया गया है। इसके अलावा आयोजन को सफल बनाने के लिए 40 सक्रिय कार्यकर्ताओं का भी चयन किया गया। पूर्व कर्नल बीके सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट पूरी तरह से नॉकआउट प्रणाली पर आधारित होगा, जिसकी शुरूआत 28 मई से होगी। फाइनल मुकाबला एक जून को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का उद्देश्य सैनिकों के सम्मान को लेकर समाज में जागरूकता फैलाना और युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना है।

## मोबाइल दुकान में चोरी, 10 से ज्यादा स्मार्टफोन और नकदी लेकर चोर फरार

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिदरौल होटल के समीप स्थित एक मोबाइल दुकान में रविवार की रात चोरी हो गयी। चोरों ने दुकान का शटर मोड़कर भीतर प्रवेश किया और लाखों रुपये के मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। दुकान के मालिक अनिल कुमार के अनुसार चोर दुकान से 10 से 12 नए स्मार्टफोन, मरम्मत के लिए आए 5 मोबाइल फोन और लगभग 30 से 40 हजार रुपये नकद चोरी कर चंपत हो गये। इस घटना से इलाके में दहशत और नाराजगी का माहौल है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही नामकुम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

## नीरजा सहाय डीएवी में युवा सांसद का आयोजन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में लोकतंत्र के रक्षक कार्यक्रम में विद्यालय युवा सांसद का आयोजन किया गया। जिसमें लोकतंत्र के मंदिर भारतीय संसद को प्रतीकात्मक रूप से अपने मूर्त रूप में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। सिंधु जल समझौता, वक़्फ बिल, नई शिक्षा नीति 2020, विदेश नीति, शिक्षा नीति आदि जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विद्यार्थियों ने आध्यत्न बातें बेबाकी से रखी। श्वेता सिन्हा (शिक्षिका) के मार्गदर्शन में बच्चों ने जीवंत संसद को विद्यालय परिसर में उतार दिया। विद्यार्थियों के सार्वजनिक रूप से बोलने के कौशल ने सबको मंत्रा मुग्ध कर दिया। मोहम्मद नावेद सत्ता पक्ष का नेतृत्व कर रहे थे, जबकि जयकांत ओरांव ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाई। हमना इमाम और आंचल सिंह को सर्वश्रेष्ठ स्पीकर का अवार्ड दिया गया।

# नियमों को ताक पर रख कर क्यों दी पत्थर उत्खनन की लीज

**तिजराज बिल्डकॉन नामक कंपनी से पदाधिकारियों को खौफ है या हमदर्दी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** आखिर तिजराज बिल्डकॉन नामक कम्पनी से पदाधिकारियों को इतना खौफ क्यों है या फिर कैसी हमदर्दी है कि सभी नियमों को ताक पर रखते हुए, सैंकड़ों परिवारों की जान को जोखिम में डाल कर पत्थर लीज दे दी गयी है। खबर ये है कि गुमला जिला के बसिया प्रखंड में स्थित दलमादी गांव में तिजराज बिल्डकॉन नामक कम्पनी लगभग 12 एकड़ पत्थर लीज उत्खनन का लीज पट्टा स्वीकृत कर दिया गया।

**लीज क्षेत्र के 500 मीटर के अंदर नही होना चाहिए आबादी, शिक्षण संस्थान और चिकित्सालय :** लीज देने के नियमावली की बात करें तो किसी भी लीज स्थल से 500 मीटर के दूरी में मानव आबादी, शिक्षण संस्था,वन भूमि, अस्पताल आदि नही होने चाहिए। लीज लेने के लिए ग्राम सभा भी होनी चाहिए और इस ग्राम सभा में मामला पारित होना भी जरूरी है।

**क्या तिजराज बिल्डकॉन के लिए नहीं बनाया गया है यह नियम :** बताया जा रहा है कि तिजराज बिल्डकॉन को दलमादी गांव में जो पत्थर लीज उत्खन्न पट्टा स्वीकृत किया गया उसमें इन नियमो की अनदेखी की गयी। ऐसा हो सकता है कि ये सारे नियम तिजराज बिल्डकॉन के लिए शायद नहीं बनाये गये हों।

**अंचल कार्यालय से भेजी गयी गलत जांच रिपोर्ट :** सूत्र बता रहे हैं कि जिस पत्थर को लीज हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है उसमें बसिया अंचल द्वारा सभी मानकों को दरकिनार करते हुए गलत जांच रिपोर्ट जिला खनन कार्यालय को भेजा गया। अब उसी गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर लीज ग्रांट हो गया तो इसमें बड़े पदाधिकारियों का क्या दोष। दोष तो उस भोली भाली जनता का है जो इस लीज क्षेत्र के आस पास रहती है। न ग्रामीण वहां पर रहते न लीज खनन पट्टा स्वीकृत कराने मे तिजराज बिल्डकॉन को कठनाई होती।

**साहब किन किन बातों को नजर अंदाज कीजियेगा :** अब बात यह भी सही है कि राजस्व ग्राम दलमादी के जिस खाता नंबर 75 प्लाट नम्बर 882 में लीज हुआ है उस स्थल से दलमादी करमटोली, केउन्द टोली, रायटोली जैसे सघन आबादी क्षेत्र है। करमटोली केउन्द टोली ओर रायटोली मिलाकर लगभग 70 से 80 परिवार स्थानीय तौर पर निवास करते है।इन गांवों की दूरी लीज स्थल से 500 मीटर के अंदर है। हैरान कर देने वाली बात ये भी है कि केउन्दटोली तो लीज स्थल के एकदम तलहटी में बसा हुआ है। जिसमे लगभग 20 परिवार निवास करते है। दलमादी गांव में स्थित शिक्षण संस्था, चिकित्सालय, चर्च भी लीज स्थल के नजदीक है।लीज स्थल के चारो ओर सटा हुआ कृषि योग्य जमीन भी है जिसमे कृषि कार्य किया जाता है। पत्थर उत्खनन होने पर सैकड़ो एकड़ कृषि जमीन के बंजर होने की संभावना है। जमीन के बंजर होने पर कृषि पर आधारित ग्रामीणों के जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जायेगा। हद तो ये भी है न कि करमटोली में शमशान भी है।

## दो लीज पट्टे के लिए एक ही ग्राम सभा कराने की बात आयी सामने

गौर करने वाली बात यह भी है कि खाता नम्बर 75 प्लाट नम्बर 882 में तिजराज बिल्डकॉन को दो लीज दिया गया है लेकिन दलमादी राजस्व गांव के ग्रामीणों तो यहां तक कह रहे हैं कि दो लीज के लिए मात्र एक ही ग्राम सभा कराया गया। मगर डर के मारे ग्रामीण भी बहुत सोच सोच कर दबी जुबान में बात कर रहे हैं। दो युवाओं ने नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि लीज स्थल जमीन से हमारा गांव करमटोली एकदम नजदीक है और गाड़ी के आवागमन, विस्फोट और प्रदूषण से हमलोगो को परेशानी होगी। हमलोग लीज से खुश नही है। वही दूसरी ओर फरसाटोली जाने वाला रास्ता भी लीज स्थल से 100 मीटर में है जिसमे आम आदमी , यात्री वाहन का आवागमन दिनभर होता रहता है। जिस प्रकार नियमावली की अनदेखी कर लीज दिया गया है उससे लीज स्थल के पास आबादी के निवास करने, लीज स्थल के एकदम समीप में कृषि कार्य होने, 500 मीटर के अंदर खलिहान वगैरह होनै से कभी भी पत्थर उत्खनन करने पर जान माल की क्षति के साथ ही चारो ओर प्रदूषण भी होने की संभावना होगी।

## आखिर क्या बताती है एसडीओ की खामोशी

बसिया के वर्तमान सीओ ने आजाद सिपाही को बताया कि यह जांच रिपोर्ट उनके द्वारा नहीं दिया गया है। मगर जब मुआवजे से संबंधित शिकायत मिली, तो उसे एसडीओ कार्यालय में उनके समक्ष ही लोगों से पूछताछ की गयी। मगर जाने क्या खौफ है कि इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम कुछ भी नहीं कहना चाहती है।

## दोषी पाये जाने पर पदाधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : डीसी

इस मामले में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आजाद सिपाही के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। इस पर जांच जरूर होगी। उन्होने कहा कि अगर ग्रामीण आवेदन देते हैं तो और भी बेहतर है। जांच के क्रम में दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

## चैनपुर में प्रत्येक गुरुवार को होगा इ-जन शिकायत कार्यक्रम



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में अब हर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी का इ-जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह निर्णय उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार लिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बताया कि चैनपुर प्रखंड कार्यालय में प्रत्येक गुरुवार को ही जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लोगों के द्वारा लाये गये समस्याओं का निदान तुरंत किया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। कहा कि हमारी कोशिश होगी कि लोगों की समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया जाये। इस कार्यक्रम से चैनपुर प्रखंड के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। वे अपनी समस्याओं को सीधे प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रख सकेंगे और उनका समाधान करा सकेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बताया कि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड कार्यालय में आना होगा।

## जारी बाजार में भंवरे के झुंड ने किया हमला



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी बाजार में अचानक भंवरे ने हमला कर दिया। जिससे कई लोगों के काटने से ग्राहक भाग गये। पूरे दिन बाजार में एक भी ग्राहक नहीं पहुंचा। इससे हाट बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदार परेशान दिखे। सोमवार की देरशाम बाजार में सन्नाटा छाया रहा। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर को अचानक भंवरों का झुंड आ गया। भंवरे के झुंड ने कई लोगों को काट भी लिया। बड़ी मात्रा में भावर आने से ग्राहक भी भाग गये। इसके बाद कोई भी ग्राहक नहीं पहुंचा। सोमवार बाजार में ग्राहकों की कमी होने के कारण सन्नाटा पसर गया। सोमवार बाजार से ग्राहक नदारद होने के कारण विक्रेता मायूस दिखायी दिये। देर शाम कोई भी ग्राहक नहीं पहुंचा। बता दें कि हाट बाजार में क्षेत्र के दूर दूर से लोग जरूरतमंद सामान खरीदने पहुंचते है। इससे बाजार में हजारों की संख्या में लोग पहुंचते है। बाजार में दोपहर से ही ग्राहको की भीड़भाड़ बनी रहती है जो शाम तक काफी भीडभाड रहती है। भंवरे के हमले के बाद जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने सब्जी दुकानदारों को सड़क के किनारे बैठाया गया। जो कि ग्रामीणों को साग सब्जी खरीदने में सहूलियत थी।

# जब तक सरना कोड लागू नहीं होगा कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी : चैतु उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला परिषदन के सभागार में जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए आदिवासी समाज से अपील करते हुए कहा कि जिला के तमाम आदिवासी समुदाय से आह्वान करता हूं 26 मई 2025 को जनगणना कॉलम में सरना कोड की मांग को लेकर राजभवन रांची के समक्ष धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया है, इस कार्यक्रम में सरना कोड लागू करने हेतु आप सब अपनी पूरी सहभागिता दिखायें। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य समुदाय और विभिन्न धर्मो के मानने वाले लोगों का अपना अलग-अलग कोड है लेकिन विडंबना यह है कि भारत की एक बड़ी आबादी आदिवासी जो सरना कोड का मांग वर्षो से करते चले आ रहे हैं। विभिन्न पार्टी के लोग आदिवासी समाज से वोट लेकर इस कार्य को लटका कर रखे हैं और सरना कोड नहीं होने से कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे समाज के लोगों की पहचान धूमिल हो रही है अपने सांस्कृतिक धार्मिक पहचान खोते चले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों झारखंड सरकार द्वारा सरना कोड लागू करने हेतु प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार और राष्ट्रपति को भेजा जा चुका है। उसके बावजूद भी केंद्र की सरकार इसे लागू नहीं कर रही जो खेद का विषय है। हमारी राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने जिस तरह आवाज बुलंद कर जाति आधारित मतगणना कराने हेतु जीत हासिल की है उसी प्रकार कांग्रेस पार्टी सरना कोड लागू करने में भी कोई कसर संवैधानिक तरीके से लागू करने में पीछे नहीं रहेगी और जब तक यह मांग पूरी नहीं होती तब तक कांग्रेस पार्टी की लड़ाई जारी रहेगी।

### उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निरासी पंचायत के जमटी गांव का किया दौरा

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के क्रम में सोमवार को बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत निरासी पंचायत स्थित जमटी गांव के बुकी कोना टोला का दौरा किया गया। इस सुदूरवर्ती गांव में पहड़िया जाति के लगभग 15 परिवार रहते हैं। इस दौरान उपायुक्त ने गांव में आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि गांव में आधारभूत सुविधाओं की कमी है। गांव में सड़क की समस्या है। कच्ची सड़क है जिससे कि बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। इसके साथ ही यहां एक भी जलमीनार या चापाकल नहीं है। जिससे कि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या होती है। गांव में बिजली की भी समस्या है। पोल लगा हुआ है लेकिन उसमें अबतक तार और कनेक्शन नहीं दिया गया। इन सभी समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने यथाशीघ्र सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों ने पेंशन योजना, राशन तथा आवास निर्माण से जुड़ी समस्याओं को भी साझा किया। इस गांव के लोग जीविकोपार्जन हेतु बांस के उत्पाद सूप, टोकरी, झाड़ू इत्यादि बनाते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों का उत्साहवर्धन करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यहां के कारीगरों को बांस उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिलवाया जायेगा।

## जन शिकायत निवारण दिवस पर 10 मामले आये



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक परिसर में चल रहे जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर बीडीओ दिनेश कुमार ने लोगों की समस्या सुनी। इस क्रम में ग्रामीणों ने अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना और इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल से संबंधित समस्या लेकर पहुंचे। जिसपर कई मामले पर ऑन द स्पॉट समाधान किया। वही बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि उपयुक्त गुमला के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार को प्रखंड सह आंचल स्तर पर जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जाना है। ताकि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक अनावश्यक यात्रा करने की आवश्यकता ना हो। स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो सके। कुल 10 मामले जन शिकायत निवारण दिवस पर आये थे। कुछ एक मामलों को छोड़ सभी मामले पर ऑन द स्पॉट समाधान किया गया।

# समर कैंप में 292 बच्चों ने लिया भाग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में घाघरा प्रखंड के कुहीपाठ पंचायत और गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, बृंदा नयकटोली में विशेष समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। इन आयोजनों में पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और पिरामल फाउंडेशन टीम के सहयोग से कार्यक्रम को प्रभावी और सार्थक रूप से क्रियान्वित किया गया, जिससे बच्चों के लिए यह कैंप एक सीखने, अभिव्यक्ति और आनंद का अवसर बन सका।

कुहीपाठ पंचायत में आयोजित समर कैंप की अगुवाई पंचायत के मुखिया श्री फगवा उरांव ने की, जहां कक्षा एक से आठ तक के कुल 194 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने चित्रकला, क्विज प्रतियोगिता, बाल गीत, चेतना गीत और कविता पाठ जैसी विविध गतिविधियों में भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक परशुराम प्रजापति सहित अन्य शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। पिरामल फाउंडेशन की टीम ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए उनके उत्साह को और प्रोत्साहित किया। वहीं गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, बृंदा नयकटोली में आयोजित समर कैंप में कुल 98 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बाल गीतों के माध्यम से की गयी, जिससे बच्चों में ऊर्जा और उल्लास का संचार हुआ। इसके बाद ड्रॉइंग प्रतियोगिता, समूह गतिविधियां और क्विज जैसी रचनात्मक गतिविधियां करायी गयी, जिनके माध्यम से बच्चों की सोच, कल्पनाशीलता और टीम वर्क को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर ग्राम की मुखिया सत्यवती देवी ने बच्चों से संवाद किया और उनके 'सपनों के स्कूल' की कल्पना को सुनते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# ग्रामीणों ने अवैध तरीके से दाखिल खारिज को निरस्त करने की मांग की, सौंपा आवेदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के रुकी पंचायत के छोटा अजयातु के ग्रामीणों ने सोमवार को अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल को आवेदन देकर अवैध तरीके से दाखिल खारिज हुए जमीन को निरस्त करने का आग्रह किया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि करमा उरांव पिता स्वर्गीय रामजु उरांव व बिगन उरांव पिता स्वर्गीय एतवा उरांव ग्राम छोटा अजयातु ने अवैध रूप से गांव के पहनई जमीन को दाखिल खारिज कर लिया है जो गलत है। जबकि आदिवासी उरांव समाज में भूइहरी पहनई जमीन को पूर्वजों द्वारा पहान पुजार के लिए दिया गया है। इस जमीन का ना तो लगान कटता है और ना ही खरीद बिक्री किया जा सकता है। यह जमीन एक तरह से गांव के लिए सेवा भूमि है। गांव में जो लोग सेवा देते है पूजा पाठ करते हैं वह लोग इस जमीन को जोत कोड़ करते हैं और यह प्रक्रिया हर पांच साल या तीन वर्ष के लिए होता है। जिसके घर में पहान जाता है वही लोग इस पर खेती करते है। परंतु करमा उरांव और बिगन उरांव ने अवैध रूप से आंचल को गुमराह में रखकर इस जमीन का दाखिल खारिज करा दिया है। जिससे हम सभी ग्रामीणों को पूजा पाठ एवं अपनी परंपरा को निर्वहन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बता दें की छोटा अजयातु गांव का पिछले अप्रैल 29 तारीख को सरहुल पर्व था पर इस विवाद के कारण अभी तक गांव में सरहुल पर्व भी नहीं मनाया गया है। ग्रामीणों ने सीओ से इस दाखिल खारिज को निरस्त करने का आग्रह किया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी आशीष मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले को लेकर के ग्रामीणों के द्वारा आवेदन मिला है आवेदन के आलोक में हम लोग मामले को गंभीरता से जांच करेंगे और अगर गड़बड़ी पायी गयी तो निश्चित रूप से न्याय सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## पुटो में बाइक से गिर कर तीन घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुटो गांव में मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक सहित एक युवती घायल हो गयी। घायलों में तिलसीरी गेरेटोली निवासी आकाश तिर्की, अजय उरांव, सबीना किंडो के नाम शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच। घायल के गंभीर अवस्था को देखते हुए अपने सरकारी वाहन से पुलिस तीनों घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया। जहां चिकित्सक द्वारा तीनों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार आकाश, अजय, सबीना सहित एक अन्य युवती तिलसीरी गेरेटोली से मोटरसाइकिल पर सवार होकर घाघरा आ रहे थे। इसी क्रम में पुटो के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे आकाश, अजय, सबीना तीनों घायल हो गया। जबकि एक अन्य बैठे युवती को कोई चोट नहीं लगी।

## स्पोर्ट्स



उद्घाटन मैच थंडरबर्ड बनाम टीसीसी जूनियर के बीच खेला गया। निर्धारित 8 ओवर में थंडरबर्ड की टीम ने 6 विकेट कोकर 79 रन बनायें जिसमें कुंदन ने 30 और सुनील ने 20 रनों के योगदान दिया।

### नाइट क्रिकेट कार्निवल 2025

# ड्रीम वॉरियर्स की टीम ने अपने दोनों मैच जीते



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में स्वर्गीय अशोक वर्मा की स्मृति में आयोजित नाइट क्रिकेट कार्निवल के पहले दिन तीन मुकाबले हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच थंडरबर्ड बनाम टीसीसी जूनियर के बीच खेला गया निर्धारित 8 ओवर में थंडरबर्ड की टीम ने 6 विकेट कोकर 79 रन बनायें जिसमें कुंदन ने 30 और सुनील ने 20 रनों के योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी टीसीसी जूनियर की टीम 32 रन ही बना सकी। दूसरा मुकाबला ड्रीम वॉरियर्स और सदर 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्रीम वॉरियर्स की टीम ने आठ ओवर में दो विकेट खोकर 120 रन बनायें जिसमें संजीव ने 68 और रौनक ने 32 रनों की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी सदर 11 की टीम 7.3 ओवर में 28 रनों पर सिमट गयी। तीसरा मुकाबला थंडरबर्ड और ड्रीम वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमें थंडरबर्ड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 6 विकेट खोकर 47 रन बनाये जिसमें केतन ने सर्वाधिक 23 रन की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी ड्रीम वॉरियर्स की टीम ने 6.4 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मौके पर बबलू वर्मा, जितेंद्र सिंह, शशि प्रिय बंटी, कुंदन रॉय, राजेश सिंह, संजय गुप्ता, ओम शंकर सिंह, लाल शेखर नाथ शाहदेव, मनोज चौधरी, पुनीत सोनी, सौरभ कुमार, मधुसूदन उरांव, ज्ञान प्रकाश, विनीत नाग, शशि रंजन, अमन आनंद अनिकेत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## खेलो झारखंड, सुब्रतो फुटबॉल कप और नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के संचालन के लिए बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 में स्कूल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर खेलो झारखंड अंतर्गत विभिन्न खेलों के आयोजन तथा सुब्रतो फुटबॉल कप एवं नेहरू हॉकी कप टूर्नामेंट आयोजन हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के द्वारा जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी विद्यालय के खेल शिक्षक एवं विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि की जिला स्तरीय बैठक अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो की अध्यक्षता में गुमला प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित की गयी। ज्ञात हो कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विभिन्न खेल संचालन हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को नोडल एजेंसी नियुक्त करते हुए विद्यालय, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर सफल आयोजन की जवाबदेही दी गयी है। खेलो झारखंड अंतर्गत एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, हॉकी, वुशु, ताइक्वांडो, रेसलिंग, शतरंज एवं रस्साकसी सहित बैंड प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इन खेलों में 10 वर्ष से कम आयुवर्ग के खिलाड़ी भाग नहीं लेंगे जिला स्तरीय विजेताओं के लिए राज्य में भाग लेने से पूर्व ट्रेनिंग कैंप का भी आयोजन किया जायेगा। विद्यालय एवं प्रखंड स्तर पर सभी खेल माह जून एवं जुलाई में आयोजित होंगे तथा जिला स्तर पर अगस्त माह में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

# अंधविश्वास: सदर अस्पताल छोड़ मरीज को झाड़ फूंक कराने घर ले गये परिजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अंधविश्वास लोगों के दिमाग में घर बन चुका है। अंधविश्वास के चक्कर में लोग झाड़ फूंक को सर्वोपरि मानने लगे हैं। वहीं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति पर से लोगों का विश्वास उठ गया है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी झाड़ फूंक से ठीक होने का दावा करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लोग सर्पदंश से झाड़ फूंक, बीमार होने पर झाड़ फूंक,डायन बिसाही को लेकर झाड़ फूंक कराते हैं। यहां तक की पानी में डूबने से मौत और वज्रपात की चपेट में आने पर भी झाड़ फूंक का सहारा लिया जाता है। ताजा मामला गुमला प्रखंड क्षेत्र के कसीरा महुआ टोली गांव का है जहां 20 वर्षीय युवक रंजीत खड़िया के बीमार होने पर परिजन शनिवार की शाम 4 बजे उसे इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आये थे जहां उसका इलाज डॉक्टर की देखरेख में शुरू किया गया। इलाज के क्रम में युवक इलाज कराने को लेकर काफी हाई वोल्टेज ड्रामा किया। वह खूब चिल्लाता था जिससे वार्ड में इलाजरत अन्य मरीजों को भी परेशानी हो रही थी। रविवार की सुबह से वह अजीबोगरीब हरकत करने लगा वह कभी उठ कर बैठ जाता और कपड़े को धोने लगता उंची उंची आवाज में गाना भी गाता था और अपने घर वालों को मारने पीटने लगता। उसकी हरकत से घर वाले भी परेशान हो गये। इसके बाद परिजन रविवार की शाम को उसे घर ले जाना चाह रहे थे घर में ही उसे झाड़ फूंक करा कर ठीक कराने की सोच रहे थे।

# हजारीबाग जेल में बंद बंदियों का न्यायाधीश ने ऑनलाइन जाना हाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के आदेश पर सोमवार को अवर न्यायाधिश सह डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने वर्चुअली हजारीबाग केंद्रीय कारा में धनबाद जिले के सजावार बंदियो से बात की। इस दौरान बंदियों के रखरखाव एवं उनके मुकदमे से संबंधित सभी पहलुओं को जाना। साथ ही बंदियों की सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट में लंबित उनके मामलों की स्थिति की जानकारी दी। जिन बंदियों की अपील ऊपरी न्यायालय में नहीं हो सकी है उन सभी को निःशुल्क विधिक सहायता के तहत बंदी आवेदन के बारे में बताया गया। इस मौके पर डालसा सहायक अरुण कुमार, एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल शैलेंद्र झा, सुमन पाठक एवं सोमित मंडल ने अहम योगदान दिया।

# उपेक्षा के आहत झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने किया धरना प्रदर्शन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की धनबाद नगर कमेटी की ओर से सोमवार को रणधीर वर्मा चौक पर विरोध सह धरना सभा का आयोजन किया गया। इसमें सिलचर के भाषा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही वर्तमान सरकार द्वारा शिक्षा में बांग्ला पाठ्यपुस्तकों एवं बांग्ला भाषा को शामिल ना करने की निंदा की गई। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर बने विश्वविद्यालय के नाम में हाल ही में किया गया परिवर्तन बंगाली समुदाय का अपमान है। जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान निर्णय लिया गया कि यदि सरकार मांगें नहीं मानती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर बेगूं ठाकुर, धनबाद नगर के अध्यक्ष सुजीत रंजन, धनबाद नगर के सचिव पार्थ सारथी दत्ता, राज्य उपसभापति भवानी बंदोपाध्याय, गोविंदों ठाकुर, अशोक कुमार दास, नारायण चंद्र पाल, श्यामल रॉय, समीर सरकार, अशोक कुमार पाल, शिबू चक्रवर्ती, समीरन सरकार, विकास, सुमन चक्रवर्ती, मुकुल कुमार, दीपक चौधरी, जामिनी पाल, अनिल चंद्र कुंभकार, मुकुल गोस्वामी, प्रणब कुमार देव, शांतनु चौधरी, उज्ज्वल बनर्जी, पी भट्टाचार्य, शिबनाथ महतो, श्रेयसी बनर्जी और रंगनायिका मंडल मौजूद थे।

## अवैध उत्खनन स्थल पर छापामारी

**झरिया (आजाद सिपाही)। घनुडीह ओपी क्षेत्र के लिलोरी पथरा बालू गद्दा के कोढ़ीया पट्टी के समीप चल रहे अवैध उत्खनन स्थल पर सोमवार को कुजामा प्रबंधन, सीआईएसएफ, और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी की। इस दौरान अवैध उत्खनन स्थल की भराई कराई गई। कुजामा प्रबंधन और सीआईएसएफ का कहना है कि किसी हाल में अवैध उत्खनन चलने नहीं देंगे। हालांकि छापामारी में कोयला तस्कर और उसके सहयोगी वहां से भाग निकले। बताते हैं कि पिछले कई दिनों से कोढ़ीया पट्टी में कोयला तस्करों द्वारा अवैध उत्खनन कराया जा रहा था। कोयले को ट्रक के माध्यम से रात के अंधेरे में बाहर भेजने का काम किया जा रहा था। छापामारी में घनुडीह पुलिस, कुजामा कोलियरी प्रबंधन और सीआईएसएफ के जवान शामिल थे।**

# मुख्यमंत्री और राज्यपाल आज धनबाद में

## बीबीएमकेयू में करेंगें बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को धनबाद आ रहे हैं। वे दोनों संयुक्त रूप से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू) में स्व बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। बतातें चलें कि बीबीएमकेयू ने इस प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लेने के लिए तीन हजार से अधिक लोगों को आमंत्रित किया है। समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है। डीसी और एसएसपी सहित सभी आला अधिकारी समारोह स्थल का निरीक्षण और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। जिला प्रशासन भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक और आमंत्रित अतिथियों की व्यवस्था तक की निगरानी खुद वरीय प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में कई जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। सभी तैयारियों की कुलपति प्रो रामकुमार सिंह खुद निगरानी कर रहे है। इस बाबत कुलपति ने बताया कि बीबीएमकेयू के छात्रों में इस समारोह को लेकर काफी उत्सुकता है। जर्मन हैंगर पंडाल बनाया जा रहा है। लंबे समय से इस कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी। उक्त कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के अलावा राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अरुप चटर्जी, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, डुमरी विधायक जयराम महतो आदि भी शामिल होंगें।






कार्यक्रम स्थाल का निरीक्षण करते आला अधिकारी।

## जैनामोड़ में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर देशभर में उत्साह का माहौल है। इसे लेकर जैनामोड के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा एवं आम नागरिकों की ओर से तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी गयी। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' और वंदे मातर जैसे देशभक्ति के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में चंदनक्यारी के पूर्व विधायक अमर बाउरी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब देकर यह साबित कर दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है। किसी से डरता नहीं। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को नष्ट कर देश को गौरवांवित किया है। वहीं, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह तथा भाजपा नेता मनोज ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय सेना पूरी तरह तैयार है और उसका मुकाबला करना किसी के बस की बात नहीं है। मौके पर शंकर रजक, सुभाष प्रजापति, विनोद कुमार, सुनील मंडल, श्रवण दास आदि थे।

## असम के शिलचर में मारे गये लोगों को किया गया याद



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लुबि सर्कुलर रोड में बांग्ला पत्रिका के संपादक प्रो डॉ दीपक कुमार सेन के आवासीय कार्यालय में सोमवार को शिलचर भाषा दिवस मनाया गया। प्रो डॉ डीके सेन ने शहीदों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कहा कि आज से 64 वर्ष पहले असम के बांग्ला भाषी अपने मातृभाषा के लिए जीवन का बलिदान दिये थे। असम सरकार ने विधानसभा में सिर्फ असमी में पढ़ाई के लिए कानून पास कर दिया था। असम में बड़े पैमाने पर बांग्ला भाषी भी रहते हैं। वे असम के मूल निवासी है। खासकर शिलचर क्षेत्र के सभी बांग्ला भाषी सहित पूरे असम के बांग्ला भाषियों ने सरकार की इस नीति का तीव्र विरोध किया। इस दौरान शिलचर स्टेशन में धरना चल रहा था। जहां् असम राइफल्स की गोली से 11 नौजवान मारे गये थे। इसके बाद बाध्य होकर असम सरकार को शिलचर क्षेत्र में बांग्ला को द्वितीय राज्य भाषा का दर्जा देना पड़ा। 1912 से लेकर 1956 तक लगातार संघर्ष कर मातृभाषा के नाम पर बिहार से फिर पश्चिम बंगाल में मिला। पूरे दुनिया में भाषा आंदोलन का यह अपने आप में अनोखी मिशाल है। मैंने अपने पत्रिका में अप्रैल एवं जून 2022 माह के अंक में विस्तारित ढंग से शिलचर के भाषा आंदोलन पर लेख प्रकाशित किया है इसे पुनः पढ़ने की जरूरत है। वहीं, भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशी नाथ चटर्जी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रो डॉ दीपक सेन को धन्यवाद दिया। वहीं, वंदना चौधरी ने कहा कि मैं बांग्ला स्कूल में शिक्षिका और प्रधानाध्यापक भी रही। मेरी स्कूल में बंगाली में पढ़ाई होती थी, लेकिन धीरे-धीरे पुस्तकों की कमी के कारण और वैश्वीकरण के चलते बंगाली विद्यार्थी घटने लगे। आज के समय में बच्चों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव भोला नाथ राम द्वारा भाषा आंदोलन के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि ज्ञान विज्ञान समिति लगातार शिक्षा, स्वास्थ, वैज्ञानिक चेतना, सामाजिक सुरक्षा, आदि जन मुद्दों पर कार्य करते आ रही है इसके साथ मातृ भाषा के लिए भी समय-समय पर गांव स्तर से जिला स्तर पर कई कार्यक्रम कर चुकी है , आगे भी मातृ भाषा पर कार्य करेंगे। इस मौके पर परेश नाथ बनर्जी, पार्थो सेन गुप्ता, वैशाखी चंद्र आदि उपस्थित थे। वहीं, बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन कवि कनकन गुप्ता ने किया।

## झरिया के दो स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान को लेकर नाट्य मंचन का हुआ आयोजन



**पुटकी (आजाद सिपाही)।** झरिया गवर्नमेंट डीएवी स्कूल सत्यनारायण मंदिर के पास और झरिया अकादमी स्कूल आमलापाडा में अनु दीदी के नेतृत्व में सोमवार को राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत नाट्य मंचन किया गया। जिसमें संस्था के माधव झा ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से बचें और इंटरनेट डेस्क पर कम समय व्यतीत कर अपने भविष्य पर ध्यान दें। ताकि कैंसर, किडनी फेलियर, हार्ट सर्जरी जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सके। कहा कि मानसिक तनाव के चलते देश के युवा और व्यस्क नशे की गिरफ्त में जाकर आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। इससे पूरा परिवार बिखर रहा है। घरेलू हिंसा हो रही है। कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि कैसे मेडिटेशन राजयोग कर नशे की गिरफ्त से बाहर निकल सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में माधव झा, रवि गुप्ता, उमेश सिंह, नीमी बहन, काकोली बहन, उमा बहन, नीरज राय, लक्ष्मण मिश्रा, झरिया और धनबाद सेंटर से अन्य बीके भाई बहनों ने सहयोग किया। सभी ने नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त धनबाद, नशा मुक्त झरिया, नशा मुक्त स्कूल, नशा मुक्त हो संस्थान ,नशा मुक्त समाज, नशा मुक्तघर का शपथ लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वरूण कुमार झा, बिंदु कुमारी ,अरसिया अब्दुल्ला, संगीता मोदक, प्रणव, नंदी, हिमाद्री मंडल, राहुल कुमार, दीपा कुमारी, डीएवी उच्च विद्यालय झरिया धनबाद , झरिया अकादमी के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश नारायण प्रसाद सहायक शिक्षक ब्रज भूषण दुबे, शुभजीत आचार्य, पिंकी कुमारी, ज्योति सिंह, खुशबू कुमारी, सरफराज इकबाल, सुनीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# चार करोड़ की लागत से बन रहे पोद्दारडीह तालाब का विधायक ने किया निरीक्षण, संवेदक को लगी फटकार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लघु सिंचाई विभाग के मद से करीब चार करोड़ रुपये की लागत से निरसा का सबसे बड़ा रानी तालाब पोद्दारडीह के जीर्णोद्धार कार्य का चल रहा है। जिसका निरीक्षण करने सोमवार को विभागीय अधिकारियों को साथ लेकर विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे। इस दौरान निर्माण कार्य में भारी अनियमितता को लेकर विधायक ने विभागीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगायी। कहा कि अगर जीर्णोद्धार कार्य में किसी प्रकार की कोताही बरती गयी एवं प्राक्कलन के अनुसार अगर काम पूर्ण नहीं हुआ, तो वरीय अधिकारियों को इसकी शिकायत की जायेगी। अभी तक मात्र 20 फीसदी काम भी पूरा नहीं हुआ है। किसी भी स्थिति में सरकारी राशि का बंदरबांट होने नहीं दी जायेगी। काम में काफी त्रुटि पायी गयी। इस मौके पर मौजूद विभागीय अभियंता ने संवेदक को फटकार लगायी। हिदायत दी कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो। इसके बाद उदयपुर के डेड़िया एवं खुसरी के राजा तालाब का भी जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि विश्वनाथ रोहिदास, मुखिया कन्हाई दास आदि मौजूद थे।

# कार्तिक हाड़ी ने थामा कांग्रेस का दामन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम में सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी शामिल हुए। उनकी मौजूदगी में हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी ने कांग्रेस में आस्था व्यक्त करते हुए दामन थाम लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्तिक हाड़ी को माला पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। कार्तिक हाड़ी ने बताया कि कांग्रेस कि नीति सिद्धांतो से प्रेरित होकर पार्टी में जाने का निश्चय किया। कांग्रेस का एक सच्चा सिपाही बनकर पार्टी द्वारा दिए जाने वाले दायित्व का अच्छे निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। धनबाद निरीक्षण भवन प्रांगण में आयोजित संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, संगठन प्रवेक्षक अशोक कुमार चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, धनबाद विधानसभा कांग्रेस उम्मीदवार अजय कुमार दुबे, बाघमारा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह आदि शामिल रहे। आईसीसी की कर्नाटक में आहूत बैठक में संगठन सृजन और जय बापू जय भीम और जय संविधान का प्रस्ताव पारित हुआ था। जिसके बाद छह मई को प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली हुईं और अब लगातार सभी 24 जिलों में भी यह रैलियां की जा रही है।

# विधायक जयराम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**डुमरी/बेरमो।** विधायक जयराम महतो ने सोमवार को डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं क्षेत्र की सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन विधायक को सौंपा। विधायक ने सभी आवेदनों को बारी-बारी से पढ़ कर जिस समस्या का समाधान अपने स्तर से हो सकता था उसे अपने पास रख लिया। जबकि जिस समस्या का समाधान अधिकारियों के स्तर से होने का था, उसे अनुशंसित कर संबंधित विभाग को भेज दिया। जनता दरबार में आयोसिल देवघर में रैयत को रोजगार से निकालने, झारखंड कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ अनीता मिश्रा ने कॉलेज की शिकायत की, जबकि अंबाडीह की सोनी देवी ने जमीन संबंधित शिकायत की। वहीं कसमाकुरहा के अरूण साव ने जमीन विवाद एवं लागान रशीद नहीं काटने की शिकायत की। जमुआ प्रखंड निवासी विकास कुमार सिन्हा ने मानदेय का भुगतान नहीं करने, मुखिया सुबोध यादव ने चालमो में एक ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। जबकि भरखर के डेगलाल महतो ने भरखर में एक ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। प्रखंड में नल जल योजना में गड़बड़ी की शिकायत भी कई लोगों ने विधायक से की। इस मौके पर जेलकेएम प्रखंड अध्यक्ष अमित महतो, रोहीत कुमार, जितेन्द्र मोहली, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।

**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no:-283 dated:-19.05.2025

**NOTICE INVITING TENDER**
**NIT NO. JIIDCO/RENOVATION WORK/03/2025-26**

Sealed tenders are invited, on Item rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or any Department, Government of Jharkhand for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money @2% of estimated cost (Rs.) | Cost of tender fee (Rs.) (Non-refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Renovation work of OSD Chamber of Directorate of Handloom, Sericulture and Handicraft Office, at 3rd Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi. | 4,44,014.00 | 8,880.00 | 885.00 | IV | 30 days |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 27.05.2025 to 02.06.2025
b. Tender will be received on 03.06.2025 till 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 03.06.2025 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
d. The estimated cost mentioned above in sl. No.1 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.
**Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 7004785102 may be contacted.**

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

PR 352883 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(25-26).D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**एन०आर०ई०पी०, लातेहार**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या :– 02/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 19.05.2025

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NREP/LATEHAR/2/ 2025-26 | प्रखंड–हेरहंज, मौजा– घुर्रे में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 81,09,553.00 | एकासी लाख नौ हजार पांच सौ तीरपन रु0 | 06 माह | प्रथम |
| 2. | NREP/LATEHAR/3/ 2025-26 | प्रखंड–बरवाडीह, मौजा–बरवाडीह में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 81,09,553.00 | एकासी लाख नौ हजार पांच सौ तीरपन रु0 | 06 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 09.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार पिन– 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –6205174469

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 352873 Rural Development (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–14/2025–.26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 03.06.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra, ParTumba, Panchayat -Morangi, Block:- Sadar, District - Hazaribagh. .(20360080317) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 Month |
| 2. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra, Birbir, Panchayat- Oriya, Block:- Sadar, District- Hazaribagh. .(20360080327) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 Month |
| 3. | Construction of Aanganbadi Kendra ,Lupung-06, Panchayat- Lupung , Block- Katkamsandi, Dist- Hazaribag (20360110336) | 1108200/- | 23000/- | 2500/- | 04 Month |
| 4. | Construction of Aanganbadi Kendra ,Lupung-03, Panchayat- Lupung , Block- Katkamsandi, Dist- Hazaribag (20360110326) | 1108200/- | 23000/- | 2500/- | 04 Month |
| 5. | Construction of Aanganbadi Kendra ,Khapriyawa-05, Panchayat-Khapriyawa , Block- Katkamdag, Dist- Hazaribag (20360110605) | 1108200/- | 23000/- | 2500/- | 04 Month |
| 6. | Construction of Aanganbadi Kendra ,Banwari, Panchayat- Shiladih , Block- Barkatha, Dist- Hazaribag (20360030403) | 1108200/- | 23000/- | 2500/- | 04 Month |
| 7. | Construction of Aanganbadi Kendra ,Turoan, Panchayat- pouta , Block- Sadar, Dist- Hazaribag (20360080219) | 1108200/- | 23000/- | 2500/- | 04 Month |
| 8. | Fencing Jali in Nursery Pond Nura Matsya Parikshetra at Hazaribag | 1044100/- | 21000/- | 2500/- | 2 Month |
| 9. | Renovation for Nav Primary School Jumuniya Tar(Dumraun) , Block-Ichak at Hazaribag | 2364600/- | 48000/- | 5000/- | 3 Month |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 352852 (Building)25-26*D

# देवघर में कल होगी कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मधुपुर गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के आवास पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने साझा प्रेस वार्ता किया। जिसमें 21 मई को देवघर में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर विस्तृत बातें कही। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रोफेसर उदय प्रकाश, जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय, प्रदेश सचिव शबाना खातून, फैयाज केसर और जिला मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार मंडल समेत दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताओं ने एकजुट होकर रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख ने बताया कि 21 मई को देवघर में आयोजित होने वाली इस



रैली का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुरकान अंसारी करेंगे। कहा कि यह रैली संविधान को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**संविधान नहीं रहा तो हमारे -अधिकार भी नहीं रहेंगे :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि देशभर में 'संविधान बचाओ अभियान' के तहत रैलियां आयोजित की जा रही हैं। कहा कि आज जनता के अधिकारों को कुचला जा रहा है। भाजपा नेता न्यायपालिका पर भी सवाल उठा रहे हैं, जो चिंताजनक है। झारखंड की जनता ने विधानसभा चुनाव में सही फैसला लेकर महागठबंधन की सरकार बनाई। अब बिहार में भी राहुल गांधी के नेतृत्व में यही परिवर्तन आयेगा।

**राहुल गांधी संविधान का सबसे बड़ा रक्षक : फुरकान :** पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि देश में संविधान को बचाने का काम केवल राहुल गांधी ही कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 400 पार सीटें जीतकर संविधान बदलने की बात कही थी, लेकिन राहुल गांधी के प्रयासों से ऐसा नहीं हो पाया। भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, चुनाव आयोग, सीबीआइ और इनकम टैक्स जैसी संस्थाओं में छेड़छाड़ की जा रही है। चुनाव आयोग तो भाजपा की जेब में है। यही कारण है कि संविधान खतरे में है और हमें इसे बचाना होगा।

**राहुल गांधी की बातें अब लोग समझ रहे हैं : बादल:** पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आह्वान पर यह रैली आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा की अब लोगों को समझ आ रहा है कि राहुल गांधी जो चेतावनी दे रहे थे। वह सच हो रहा है। बिहार में उनके दौरे से एनडीए सरकार घबरा गयी है। आज पूरा देश इंदिरा गांधी को याद कर रहा है और राहुल गांधी पर भरोसा जता रहा है।

# सुरेश पासवान ने 12 तालाबों के निर्माण का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर विधायक सुरेश पासवान ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में शहर में बनने वाले 12 तालाबों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने विकास का जो संकल्प लिया है, वह अब धीरे-धीरे पूरा हो रहा है। चाहे ग्रामीण इलाका हो या शहरी इलाके, जहां भी विकास हो, वह सुदृढ़ तरीके से हो। चुनाव के समय जो वादा जनता से किया गया था, उसे अब पूरा करने जा रहे हैं। उक्त योजना में गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो, ताकि राज्य सरकार का नाम हो। नगर आयुक्त रोहित कुमार सिन्हा शिलान्यास कार्यक्रम लंबे समय से पेंडिग था, हमलोगों का प्रयास था कि स्थानीय विधायक उक्त योजनाओं का शिलान्यास करे। संवेदकों को निर्देश दिया गया कि काम की गुणवत्ता ऐसी हो, जिससे लोगों को अधिक से अधिक उक्त योजनाओं का लाभ मिल सके।

# पीएम किसान योजना में साइबर ठगी के आरोप में पांच गिरफ्तार

**देवघर (आजाद सिपाही)।** साइबर थाने की पुलिस ने मोहनपुर के चौपा जंगल में छापेमारी कर साइबर ठगी के आरोप में पांच ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच मोबाइल और सात सिम कार्ड बरामद हुआ है। बरामद तीन सिम के खिलाफ पहले से प्रतिबिंब एप पर शिकायत दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों में पप्पू दास (पथरड्डा), मो बाबर, लालबाबू अंसारी, नजरुल अंसारी (तीनों कुरुवा, सोनारायठाढ़ी), शैलेंद्र मंडल (भिखोडीह, सोनारायठाढ़ी) शामिल हैं। एसपी सह डीआइजी अजीत पीटर डुंगडुंग को उक्त गैंग के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद इंस्पेक्टर एच झा और दारोगा खुर्शीद आलम के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी कार्रवाई की गयी तो पुलिसि को उक्त सफलता मिली। पुलिस की जांच में पता चला है कि उक्त ठग तीन तरीके से ठगी कर रहे थे। पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर झांसे में लेकर ठगी करते थे। फोन-पे, पेटीएम कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को कैशबैक का झांसा देकर ठगी करते थे। साथ ही एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर एयरटेल थैंक्स एप के माध्यम से कार्ड बंद कर उसे पुनः चालू करने का झांसा देकर ठगी करते थे। उल्लेखनीय है कि जिले में लगातार साइबर ठगों की गिरफ्तारी हो रही है। गत वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक साइबर ठगों की गिरफ्तारी देवघर पुलिस ने की थी।






# समारोह में दर्जनों महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महिला मोर्चा देवघर जिला के तत्वावधान में सोमवार को एक भव्य पार्टी मिलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष एवं केंद्रीय समिति सदस्य नीलम देवी ने की। इस अवसर पर दर्जनों महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सभी नवसदस्यों का



पार्टी पट्टा पहनाकर एवं सदस्यता रसीद प्रदान कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में महिलाएं पार्टी से जुड़ रही हैं। उन्होंने गोड्डा विधायक एवं महिला नेत्री कल्पना सोरेन के कार्यों की भी सराहना की और कहा कि आने वाले दिनों में कई अन्य महिला कार्यकर्ता भी अन्य दलों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता लेंगी। इस अवसर पर कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जिला उपाध्यक्ष तेजनारायण वर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी, युवा नेता राहुल चंद्रवंशी, महानगर सचिव मृत्युंजय राउत, महिला नेत्री रजनी सिन्हा, हीरा देवी, काजल कुमारी, अंशुमाला, मंजु दास, बेलिया देवी, सावित्री हांसदा, विद्या रानी, वैभव चंद्रवंशी एवं अनिश कुमार आदि शामिल थे।

# 22 को पीएम करेंगे शंकरपुर रेलवे स्टेशन का ऑनलाइन उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** जसीडीह-मधुपुर रेलखंड पर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन का अमृत भारती योजना के तहत कायाकल्प हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को इसका ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर आसनसोल डीआरएम चेतनानंद सिंह शंकरपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। अमृत भारत प्रोजेक्ट के तहत शंकरपुर स्टेशन के विकास पर कुल 15 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। देवघर एम्स का नजदीकी रेलवे स्टेशन के तौर पर इस शंकरपुर हॉल्ट को स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। शंकरपुर स्टेशन का पूरी तरह से कायाकल्प किया गया है। यात्रियों की सुविधा बढ़ा दी गयी है। स्टेशन में यात्री शेड, रेलवे टाइम टेबल के लिए लाइटेड साइनेज, सुविधायुक्त प्लेटफॉर्म, अंडर पास, अत्याधुनिक टिकट काउंटर, वेटिंग हॉल, पार्किंग, अंदर और बाहर लाइट लगायी गयी है।


















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**